卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 183 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦9 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## जंगल में अलग अंदाज में नजर आये मोदी

### प्रधानमंत्री ने बांदीपुर टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी का लिया आनन्द, हाथियों को खिलाया गन्ना

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व पहुंचे। इस दौरान उनका अलग अंदाज दिखाई दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने थेप्पाकडू हाथी शिविर में हाथी को गन्ना भी खिलाया। पीएम मोदी ने ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' वाले कपल बोमन-बेली से भी मुलाकात की। बांदीपुर और मुदुमलाई टाइगर रिजर्व के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को ब्लैक हैट, स्टाइलिश चश्मा, प्रिंटेड टी-शर्ट और खाकी रंग की हाफ जैकेट पहने नजर आये। ये दौरा प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। पीएम मोदी ने यहां कैमरे से कई तस्वीरें क्लिक कीं। हाथी को अपने हाथों से गन्ना खिलाया और दूरबीन की मदद से नजारों का लुत्फ भी उठाया। पीएम मोदी ने मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में थेप्पाकडू हाथी कैंप का दौरा भी किया। यह वही हाथी कैंप है, जिसमें ऑस्कर विनिंग फिल्म 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' वाला रघु भी रहता है। द एलिफेंट व्हिसपरर्स भारत की पहली डॉक्यूमेंट्री है, जिसे ऑस्कर से सम्मानित किया गया है। बांदीपुर टाइगर रिजर्व में पीएम मोदी ने बाघों के संरक्षण की गतिविधियों में शामिल फ्रंटलाइन फील्ड स्टाफ और स्वयं सहायता (शेष पृष्ठ सात पर)



## नशा मुक्ति केन्द्र से फरार हुए 19 नशेड़ी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नशा मुक्ति केंद्र से शनिवार देर शाम 19 नशेड़ी खिड़की तोड़कर फरार हो गए। नशेड़ियों ने गैस सिलिंडर से खिड़की तोड़ी है। भागने से पहले नशेड़ियों ने केंद्र के स्टोर कीपर से मारपीट भी की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कमलुवागांजा में साईं कृपा फाउंडेशन की ओर से नशा मुक्ति केंद्र चलाया जा रहा है। जहां पर ऊधम सिंह नगर, नैनीताल व पिथौरागढ़ के 39 नशेड़ी अपना इलाज करा रहे हैं। शनिवार की रात 19 नशेड़ियों ने स्टोर में पहुंचकर स्टोर कीपर महेश से मारपीट की और उसे कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद वहां रखे गैस सिलिंडर से कमरे की खिड़की (शेष पृष्ठ सात पर)



## सौतेले चाचा ने नाबालिग भतीजी के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

लालकुआं(उद संवाददाता)। सौतेले चाचा द्वारा नाबालिग भतीजी के साथ रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी और उसका साथ देने वाली पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना लालकुआं कोतवाली इलाके की है। बताया गया है कि लालकुआं में रहने वाली एक महिला ने बीती 1 अप्रैल को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग लड़की घर से गायब हो गई, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच कोतवाली पुलिस की उपनिरीक्षक रंजनी आर्य को सौंपी गयी,जिसके बाद उपनिरीक्षक रजनी आर्य ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विवेचना शुरू की जिसमें पुलिस को उसके मोबाइल नंबरों की लोकेशनों से पता चला कि लड़की आगरा में है जिसके बाद तुरंत ही पुलिस आगरा पहुंची। जहां पुलिस ने नाबालिग लड़की को उसकी चाची मंजू देवी के घर से बरामद कर लिया। इसी दौरान नाबालिग लड़की ने पुलिस को बताया कि उसके साथ उसके सौतेले चाचा ने दुष्कर्म किया है जिस पर पुलिस सन्न रह गयी। पुलिस ने तुरंत ही आरोपी चाचा मुकेश यादव और उसका साथ देने वाली लड़की की चाची मंजू देवी को आगरा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि लड़की की चाची मंजू ने अपने पहले पति को दो साल पहले छोड़ दिया था, जिसके बाद वह आगरा निवासी अपने दूसरे पति मुकेश यादव के साथ आगरा में रह रहीं थी। बीते एक अप्रैल की दोपहर लड़की की चाची मंजू देवी लालकुआं रेलवे स्टेशन पहुची,जहां उसने लड़की को मिलने के लिए बुलाया, जिसके बाद लड़की रेलवे स्टेशन पहुंची इसी दौरान उसकी चाची मंजू देवी उसे बहला-फुसलाकर अपने (शेष पृष्ठ सात पर)

## एंगल में लटका मिला महिला का शव

### हत्या की आशंका,पुलिस जांच जुटी

हल्द्वानी । मुखानी क्षेत्र में एक बारात घर की दीवार में लगे एंगल के पाइप में महिला का शव लटका पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मुखानी चौकी प्रभारी रमेश बोहरा ने पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर वहां खड़े लोगों से मृतका के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी ली और पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। जानकारी के अनुसार रविवार प्रातः मुखानी थाना क्षेत्र में मुकुल विहार में प्रातः काल भ्रमण कर रहे लोगों ने बारातघर की दीवार में लगे एक एंगल के पाइप से एक महिला की कपड़े के फंदे में लाश लटकी हुई देखी। शव पाए जाने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और वहां लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना मिलते ही मुखानी चौकी प्रभारी रमश बोहरा पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। साथ ही वह खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी लेकर मृतका की शिनाख्त कराने का प्रयास किया । काफी प्रयास के बाद महिला की शिनाख्त 23 वर्षीय होमा पत्नी त्रिलोक चन्द्र पोखरिया निवासी कैनाल रोड हल्द्वानी के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी की (शेष पृष्ठ सात पर)


**कृषि भूमि बिकाऊ**

**7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी**

**लोकेशनः** गदरपुर-गूलरभोज रोड पर
नजदीकी रेलवे स्टेशनःगूलरभोज(6 किमी)
नजदीकी एयरपोर्टः पंतनगर (20 किमी)
नजदीकी शहरः गदरपुर (4 किमी)

okLrfod [kjhnnkj
lidl dj&9891277500


## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला गायब



काशीपुर(उद संवाददाता)। एक महिला घर से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला का पता लगाना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक पच्चावाला, कचनाल गाजी काशीपुर निवासी पप्पू राम की 34 वर्षीय पत्नी नीतू देवी बीते 28 मार्च की सुबह 10:30 बजे परिजनों को बगैर बताए कहीं चली गई जिसका आज तक कहीं कोई पता नहीं चल सका। इस दौरान परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के अलावा रिश्तेदारी में भी गायब(शेष पृष्ठ सात पर)

## जैन समाज ने गाजे बाजों के साथ निकाली प्रभात फेरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जैन समाज के गुरू श्री सुदर्शन जी महाराज के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एसएस शहर भगवान महावीर के जयकारों और अहिंसा के संदेशों के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। आदर्श कालोनी स्थित जैन अंहिसा के संदेशों के उदघोषों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। गाजे बाजों के साथ निकाली गयी इस प्रभात फेरी में वातावरण को धर्म और भक्ति की गंगा में बहा रहे थे। जगह जगह प्रभात फेरी का लोगों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत



जैन सभा रूद्रपुर की ओर से गाजे बाजों और भव्य रथ के साथ शहर में धूधमाम से प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी ने पूरे शहर में भ्रमण किया। इस दौरान पूरा स्थानक से प्रभात फेरी का शुभारम्भ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने झंडी दिखाकर किया। भगवान महावीर और तपस्वी जैन गुरूवों के जयकारों और श्री गुरू सुदर्शन जी की प्रतिमा को रथ में विराजमान कराया गया था। रथ के पीछे हजारों की संख्या में पुरूष और महिलाएं जैन समाज का ध्वज लेकर पूरे शहर के किया। इस दौरान जैन समाज के लोगों ने भगवान महावीर का सन्देश जियो और जीने दो के जयकारे भी लगाए और जीवन को सार्थक (शेष पृष्ठ सात पर)


**रस्म पगड़ी / श्रद्धांजलि सभा**



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूज्यनीय माताजी **श्रीमती सुशील गाबा पत्नी स्व. श्री मनोहर लाल गाबा जी** दिनांक 31.3.2023 को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभु चरणों में विलीन हो गयी हैं। किंतु वह हमारे हृदय में सदैव जीवित हैं और रहेंगी। **रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा दिनांक 11.4.2023 दिन मंगलवार** को दोपहर 2 से 3 बजे तक **श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ( पांच मंदिर ), रूद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

अशोक सुखीजा( भाई) — अंकित गाबा-निहारिका गाबा (पुत्र-पुत्रवधू)
सतीश सुखीजा( भाई) — निशा मुंजाल-हरेंद्र मुंजाल (पुत्री-दामाद)
हरीश सुखीजा( भाई) — आशु गावा-यशिका (भतीजा-पुत्रवधु)
राकेश सुखीजा( भाई) — शिवांश, (पौत्र), लविश( दौत्र)

दुखित परिवार-बत्रा परिवार, गगनेजा परिवार,रहेजा परिवार,
ग्रोवर परिवार, छाबड़ा परिवार,नारंग परिवार, मो.9927060511

प्रतिष्ठान; शिवा डिपार्टमेंटल स्टोर, शारदा कालोनी, रूद्रपुर, मो. 7983304506


## ओटीपी नम्बर लेकर खाते से 96 हजार उड़ाये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर क्रेडिट कार्ड अपग्रेड करने की बात कहकर ओटीपी नम्बर हासिल कर खाताधारक के खाते से 96233 रूपये निकाल लिये गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गोपाल साध का पुत्र शिबु साधुका निवासी आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी ने कही है कि उसके पास एक निजी बैंक का क्रेडिट कार्ड है, जो कि काफी पुराना है जिसकी कुल लिमिट 1,10,000 रुपये हैं। जिसके सम्बन्ध में 28 फरवरी 2023 को उसके मोबाईल पर एक अज्ञात व्यक्ति की काल आयी जिसने स्वयं को बैंक का अधिकारी बताकर तथा उसके क्रेडिट कार्ड को अपग्रेड करने व कार्ड की लिमिट बढ़ाकर 2,50,000 रुपये करने की बात बतायी। उसने बताया कि रजिस्टर्ड नम्बर पर ओटीपी हमारे द्वारा भेजा जायेगा। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे धोखे में रख कर कई बार ओटीपी प्राप्त कर लिये। शक होने पर जब उसने कार्ड की लिमिट बढ़ने की जानकारी प्राप्त करने के लिये (शेष पृष्ठ सात पर)

## छात्रा से ऑनलाईन 90 हजार की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक छात्रा से 90 हजार रूपये की ऑनलाईन धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में श्रेया जयसवाल पुत्री संतोष जयसवाल निवासी गली नम्बर 4, वार्ड 16 इन्द्रा काँलोनी ने कहा है कि वह दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा है। 21 सितम्बर 2022 को जब उसने मैन एमेजॉन 9910 कॉम के लिंक पर क्लिक किया। उनके एक अधिकारी ने उसे एक नम्बर से मैसेज कर उससे एक-दो ट्राजैक्शन करवाए। श्रेया का कहना है जिनके उन्होने बडाकर ब्याज समेत पैसे लौटाए । फिर उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

## घात लगाकर युवक पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला खेड़ा में गत प्रातः कुछ लोगों ने फोन पर बात करते जा रहे युवक पर घात लगाकर लोहे की राड से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रदीप रावत पुत्र भूपेन्द्र सिंह रावत निवासी वार्ड19 खेड़ा ने कहा है कि वह 8अप्रैल को सुबह फोन पर बात करता हुआ जा रहा था, तभी घात लगाये बेठे नाजिस व ताबीस पुत्र वकील अहमद निवासी वार्ड 19 खेड़ा ने उसके सिर (शेष पृष्ठ सात पर)

# वन आरक्षी परीक्षा होने से 12 घंटे पहले नकल कराने की साजिश का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## एसटीएफ की बड़ी कार्यवाही: नकल कराने की तैयारी कर चुका था कोचिंग सेंटर का संचालक और निजी कालेज का सहायक प्रवक्ता, 15 अभ्यर्थी चिह्नित

देहरादून। उत्तराखंड एसटीएफ ने नकल माफियाओं के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही करते हुए परीक्षा होने से चंद घंटो पहले ही दो माफियाओं को दबोच लिया है। शनिवार को प्रदेश के 624 केंद्रों पर वन आरक्षी के 894 पदों के लिए रविवार (आज) को होने वाली भर्ती परीक्षा से करीब 12 घंटे पहले उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पेपर लीक कराने व ब्लूटूथ डिवाइस के जरिये नकल कराने की साजिश रचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। एसटीएफ ने गिरोह के सरगना मुकेश सैनी व उसके सहयोगी सहायक प्रवक्ता रचित पुंडीर को गिरफ्तार किया है। सरगना व नकल माफिया मुकेश सैनी रुड़की में एमएस कोचिंग सेंटर का संचालक है, जबकि रचित पुंडीर हरिद्वार में एक निजी कालेज में सहायक प्रवक्ता है। एसटीएफ के मुताबिक, मुकेश व रचित ने तीन वर्ष पहले वर्ष-2020 में हुई वन आरक्षी की भर्ती परीक्षा में भी ब्लूटूथ से नकल कराई थी। मुकेश पर परीक्षा में नकल के तीन, जबकि रचित पर एक मुकदमा दर्ज है। दोनों पर गैंगस्टर भी लगी हुई। पूर्व में हुई भर्ती परीक्षा में नकल कराने के मामले में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया था, लेकिन वर्तमान में दोनों जमानत पर थे। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने शनिवार देर शाम गिरोह के पकड़े जाने का राजफाश करते हुए बताया कि इस बार वन आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने व नकल की जिम्मेदारी रचित पुंडीर व उसके एक साथी विशाल ने ली थी। विशाल इलेक्ट्रिशियन बताया जा रहा और अभी फरार है। रविवार को होने वाली वन आरक्षी की भर्ती परीक्षा में रचित और विशाल की डयूटी रुड़की के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर लगी हुई थी। साजिश के तहत रचित और विशाल को परीक्षा केंद्र के भीतर से पेपर लीक करना था और फिर सरगना मुकेश सैनी ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से अभ्यर्थियों को नकल कराता। एसटीएफ ने ऐसे 15 अभ्यर्थियों को भी चिह्नित कर लिया है, जिन्हें नकल कराने



के लिए ब्लूटूथ डिवाइस उपलब्ध करा दिए गए थे। नकल कराने की एवज में गिरोह ने अभ्यर्थियों से चार-चार लाख रुपये में सौदा किया था। अभ्यर्थियों से एडवांस के रूप में 50 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक ले लिए गए थे। ब्लूटूथ डिवाइस देने के साथ ही अभ्यर्थियों को उसके इस्तेमाल की जानकारी भी दी गई थी। एसटीएफ इन अभ्यर्थियों व गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश कर रही है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि गिरोह पर यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को हरिद्वार व रुड़की क्षेत्र में की गई। गुप्त सूचना की जांच में एसटीएफ को पता चला कि रुड़की के एमएस कोचिंग सेंटर का संचालक मुकेश सैनी वन आरक्षी भर्ती परीक्षा में नकल कराने की साजिश रच रहा है। सैनी पूर्व में भी ऐसे ही मामले में जेल जा चुका है और नकल माफिया है। एसटीएफ ने मुकेश सैनी के गुरुकुल नारसन (रुड़की) स्थित कोचिंग सेंटर में दबिश दी। यहीं से मुकेश सैनी निवासी हरचंदपुर मंगलौर और उसके सहयोगी रचित पुंडीर निवासी ग्राम खंजरपुर रुड़की को दबोच लिया गया। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि मुकेश सैनी पूर्व में वन आरक्षी भर्ती परीक्षा समेत तीन परीक्षाओं में नकल कराने के मामले में जेल जा चुका है। नकल कर परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को वह तलाश करता रहता है और अपने जाल में फंसाता है। फरवरी-2020 में हुई वन आरक्षी भर्ती परीक्षा में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अभ्यर्थियों को नकल कराई थी, लेकिन बाद में उसने अभ्यर्थियों के साथ समझौता कर लिया। इसके कारण इस मामले में न्यायालय से वह दोषमुक्त हो गया। एसटीएफ की जांच में सामने आया है कि वन आरक्षी भर्ती परीक्षा में रुड़की के एक परीक्षा केंद्र पर बतौर कक्ष निरीक्षक आरोपित रचित पुंडीर की ड्यूटी लगी हुई थी। उसके साथी इलेक्ट्रीशियन विशाल की डयूटी भी परीक्षा केंद्रों पर प्रकाश-व्यवस्था दुरुस्त रखने में लगी थी। साजिश थी कि परीक्षा के दौरान रचित व विशाल पेपर को वाट्सएप से मुकेश सैनी को भेज देंगे। फिर मुकेश बाहर बैठकर अपने साथियों के मिलकर पेपर को हल करेगा और अभ्यर्थियों को ब्लूटूथ डिवाइस पर काल कर उत्तर बताए जाएंगे।

# उत्तराखंड में 30 अप्रैल तक कांग्रेस चलाएगी सत्याग्रह

देहरादून(उद संवाददाता) प्रदेशभर में कांग्रेस पार्टी 30 अप्रैल तक सत्याग्रह चलाएगी। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने मीडिया से वार्ता के दौरान इस बात की जानकारी दी है। माहरा ने कहा कि ये सत्याग्रह अलग-अलग मुद्दों को लेकर चलाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने आज पीएम मोदी को पत्र भी लिखा है। कांग्रेस उत्तराखंड में 30 अप्रैल तक सत्याग्रह चलाएगी। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में देशभर मैं चल रहे जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी चिठ्ठी



कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा द्वारा की गई। शनिवार को पहली चिट्ठी कांग्रेस मुख्यालय में लांच की गई है । जो कि अब 30 अप्रैल तक हर दिन चलेगी। चिट्ठी मैं राष्ट्रीय मुद्दे और राज्य के मुद्दों के मामले को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी को चिट्ठी लिखी जाएगी । ताकि जनता के हित के मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित हो सके। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने जानकारी दी कि अलग- अलग मुद्दों को लेकर ये सत्याग्रह चलाया जाएगा। इसके साथ ही संवैधानिक संस्थाओं को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि जिस तरह संवैधानिक संस्थाओं की स्थिति चल रही है ऐसे में उन को बचाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इसी तरह से ब्लॉक और जिला स्तर के कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर पत्र भेजेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि राज्यस्तरीय मुद्दों के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी अलग-अलग मुद्दों को लेकर 30 अप्रैल तक सत्याग्रह चलाएगी। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने प्रदेश की अवैध मजारों के बारे में कहा है कि जिस तरह से मजारों को लेकर सरकार बयान जारी कर रही है, ऐसे में अगर कोई धार्मिक संस्थाओं के नाम पर अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन सरकार को सभी पहलुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो पौराणिक मजार या मंदिर हैं संरक्षित किया जाना चाहिए।

# जी-20 की बैठकों से पहले नरेंद्रनगर और ऋषिकेश की सड़कें और पुल चमकेंगे

## शासन ने जारी किया 70 करोड़ रुपये का बजट

ऋषिकेश। ऋषिकेश और नरेंद्रनगर क्षेत्र में होने वाली जी-20 की बैठकों से पहले यहां की सड़कों और पुलों को चमकाया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से करीब करीब 70 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। भारत सहित 20 देशों से आने वाले मेहमान इन शहरों की सुंदर छवि लेकर लौटें, सरकार की ओर से इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है। उत्तराखंड में जी-20 की तीन बैठकें प्रस्तावित हैं। इनमें से पहली बैठक 26 से 28 मार्च के बीच नैनीताल के रामनगर में हो चुकी है जबकि दो बैठकें 25 से 27 मई और 26 से 28 जून के बीच नरेंद्रनगर और ऋषिकेश में होनी हैं। इससे पहले सरकार की ओर से सड़कों और पुलों के सौंदर्यीकरण से संबंधित करीब 31 कामों के लिए कुल 6946.90 का बजट जारी कर दिया गया है। इसके तहत नरेंद्रनगर क्षेत्र में स्थित कांडाखेत मोटर मार्ग का सुधारीकरण, सड़क सुरक्षा के कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा रानीपोखरी से नरेंद्रनगर कुल 17 किमी मोटर मार्ग का कायाकल्प भी किया जाएगा। इस मार्ग में सतह सुधार के साथ, दीवारों, पैरापिट का निर्माण और अन्य सड़क सुरक्षा के काम



किए जाएंगे। इस मार्ग का प्रयोग देहरादून से नरेंद्रनगर जाने के लिए किया जाता है। इसके अलावा ऋषिकेश-भानियावाला के बीच सड़क के कुछ हिस्सों में सतह सुधार, प्लांटेशन, लक्ष्मणझूला-स्वर्गाश्रम-जोंक के कुछ हिस्सों में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने, पक्की नाली निर्माण, क्रॉस ड्रेनेज, क्षतिग्रस्त कॉजवे का सुधारीकरण किया जाएगा। इसके अलावा बैराज-लक्ष्मणझूला-दुगड्डा मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों को भी सुधारा जाएगा। प्रस्तावित कार्यों के तहत ऋषिकेश शहर की मुख्य सड़कों को भी चमकाया जाएगा। इसके तहत नटराज-भद्रकाली मोटर मार्ग में सतह सुधार के साथ ही क्षतिग्रस्त फुटपाथ, नाली का निर्माण और काजवे का काम किया जाएगा। इसके अलावा पशुलोक बैराज मोटर मार्ग के कुछ हिस्सों में सतह सुधार का काम किया जाएगा। नरेंद्रनगर स्थित लोनिवि के डाक बंगले को भी चकाचक बनाया जाएगा। यहां मरम्मत के साथ ही रंग रोगन भी किया जाएगा। इसके लिए 74 लाख 32 हजार रुपये बजट की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ऋषिकेश की शान बन चुके जानकी सेतु के रंगरोगन के लिए 20 लाख 76 हजार रुपये का बजट जारी किया गया है।

# केदारनाथ यात्रियों में भारी उत्साह, हेली सेवा की बुकिंग फुल

## 25 अप्रैल को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट, होटलों में यात्रियों के पंजीकरण के लिये टोल फ्री नंबर जारी

देहरादून। केदारनाथ धाम यात्रा की की तैयारियो के बीच बाबा केदार के दर्शन के लिये इस वर्ष भी यात्रियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष हेली सेवाओं के लिये बुकिंग फल हो चुकी है। बताया जा रहा है कि केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाओं की बुकिंग शुरू होते ही पहले चरण यानी 25 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक के सारे टिकट बिक गए हैं। अब उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास परिषद (यूकाडा) जल्द ही दूसरे चरण के टिकटों के बुकिंग की तिथि तय करेगा। इस बीच यूकाडा बुकिंग के दौरान सामने आई तकनीकी अड़चन दूर करने को कसरत करेगा। केदारनाथ धाम में जाने के लिए हेली सेवाओं में यात्री खूब रुचि ले रहे हैं। बीते वर्ष 1.36 लाख श्रद्धालुओं ने हेली सेवाओं से केदारनाथ धाम के दर्शन किए थे। यह हेली सेवाओं के लिहाज से सबसे बड़ी संख्या थी। इस दौरान यह बात देखने में आई कि हेली सेवाओं की आन द स्पाट (फाटा, सिरसी व गुप्तकाशी ) बुकिंग के लिए विभाग पर खासा दबाव पड़ा था। इस वर्ष इन तीनों स्थानों में स्थित नौ हेलीपैड से आठ हेली कंपनियों को हेली सेवा संचालित करने की अनुमति मिली है। गत वर्ष के अनुभव को देखते हुए इस वर्ष यह बुकिंग आइआरसीटीसी के माध्यम से कराई जा रही है। केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को खुल रहे हैं। इसे देखते हुए यूकाडा ने पहले चरण के लिए बुकिंग 25 से 30 अप्रैल तक के लिए की। यह बुकिंग शनिवार से शुरू की गई। बुकिंग की साइट खुलते ही यात्रियों व टूर आपरेटरों ने बुकिंग करनी शुरू कर दी। दोपहर बाद तक 2673 बुकिंग के जरिये 30 अप्रैल तक 6263 टिकट बुक हो गए थे। अब केवल तत्काल बुकिंग के लिए 30 प्रतिशत टिकट की बुकिंग कपाट खुलने से एक दिन पहले यानी 24 अप्रैल से की जाएगी। मुख्य कार्यकारी यूकाडा सी रविशंकर ने बताया कि पहले दिन ही 30 अप्रैल तक



के सभी टिकट बिक गए। अब जल्द ही इससे आगे की तिथियों के लिए बुकिंग शुरू की जाएगी। बुकिंग शुरू करने की तिथि की जानकारी शीघ्र साझा की जाएगी। इस बार हेली सेवाओं में दो साल से अधिक आयु के बच्चों का भी पूरा टिकट लिया जाएगा। इसके लिए उन्हें पृथक सीट भी आवंटित की जाएगी। वहीं जिन यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए होटल बुकिंग करा ली है, लेकिन उन्हें वेब पोर्टल व मोबाइल ऐप से पंजीकरण नहीं मिल पा रहा है ऐसे यात्रियों व साथ ही होटल कारोबारियों को बड़ी राहत दी है। इसके लिए उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से काल सेंटर संचालित किया जा रहा है, जिससे टोल फ्री नंबरों पर काल कर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। चारधाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों व यात्रा मार्ग पर स्थिल होटल व्यवसायियों की सहायता के लिए परिषद मुख्यालय में एक 15 लाइन वाला काल सेंटर संचालित किया जा रहा है। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक योगेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि कुछ यात्रियों ने पहले ही होटलों की बुकिंग करा ली है। लेकिन उनका विभिन्न ऐपों के माध्यम से पंजीकरण नहीं हो पाया है। इससे उनको राहत मिलेगी। इसके साथ ही होटल कारोबारियों को भी लाभ मिल पाएगा। बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों एवं यात्रा मार्ग पर स्थित होटल व्यवसायियों की सहायता के लिए एक 15 लाइन वाला काल सेंटर संचालित किया जा रहा है। जिन यात्रियों ने यात्रा के लिए होटल बुकिंग करवा ली है परंतु उन्हें वेब पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण नहीं मिल पा रहा है। कहा, यात्रियों को ऐसे पंजीकरण कराने के लिए अपने होटल बुकिंग की जानकारी touristcareuttarakhand @ gmail-com पर ईमेल के माध्यम से भेजनी होगी। यात्री परिषद की ओर से जारी टोल फ्री नंबर 1364 (उत्तराखंड से) अथवा 0135 1364 अथवा 0135-3520100 पर काल करके अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। कहा कि ये सुविधा उत्तराखंड के उन होटल स्वामियों को उपलब्ध कराई जा रही है, जिनके ग्राहकों को पंजीकरण नहीं मिल पाया है, वह भी इन नंबरों पर काल कर अपने अथितिओं का पंजीकरण करवा सकते हैं।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

मकान बिकाऊ है
15 x 45 का एक मकान ( रजिस्ट्रीशुदा ) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।
-सम्पर्क करें-
मो. 8191024718

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
7017360462

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

## परीक्षार्थियों की हुई सघन चेकिंग

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। वन आरक्षी भर्ती परीक्षा आज कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। परीक्षार्थियों को चेकिंग के बाद ही परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया गया।वन आरक्षी भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रो पर



सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गएथे। ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को अलर्ट मोड में रहने की सख्त हिदायत दी गई है थी। सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की डीएफएमडी व एचएचएमडी से सघन चेकिंग फ्रिस्किंग की गयी। एलआईयू व एसओजी भी लगातार सक्रिय रहकर परीक्षा को प्रभावित करने वाले तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाए रही।

## आपरेशन मुक्ति अभियान से भीख मांगने वाले बच्चों का बदल रहा जीवन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा चलाया जा रहा आपरेशन मुक्ति अभियान जनपद में भी जोर शोर से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक भीख मांगने वाले दर्जनों बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाया जा चुका है। अभियान में जुटी तृतीय टीम अभियान में अभी तक कुल 52 बच्चों के सत्यापन किए गए, अभियान के तहत वर्तमान में 23 बच्चों को विद्यालयों में शिक्षा दिलाई जा चुकी है। छह नये बच्चों को दाखिला दिलाया गया



है। इस टीम में एसआई अशोक कुमार समेत महिला कांस्टेबल मीना तिवारी आदि शामिल हैं। टीम द्वारा क्षेत्र में बच्चों को स्कूल छोड़ने वाले और शहर में दुकानों पर जाकर भीख मांगने वाले बच्चों को स्कूल में दाखिला कराया जा रहा है। इसी तरह टीम ने केलाखेड़ा, पंतनगर, दिनेशपुर, गदरपुर क्षेत्र में भी अभियान चलाया गया। जिले में चार टीमें हैं। इनके साथ एनजीओ भी काम कर रही है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच हुई वन आरक्षी भर्ती परीक्षा

रामनगर(उद संवाददाता)। रविवार को उत्तराखंड वन आरक्षी भर्ती परीक्षा पूरे प्रदेश में संपन्न हुई वन आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर रामनगर में 17 सेंटर बनाए गए थे जिसमें पांच सेंटर नगर क्षेत्र एवं 12 सेंटर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए थे रामनगर के सभी सैंटरो कार 3554 परीक्षार्थी पंजीकृत थे परीक्षा प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक संपन्न हुई परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों एवं शिक्षकों द्वारा तलाशी लेने के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया तथा सभी सेंटरों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था इसके साथ ही कई छात्र परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय के बाद पहुंचे तो



ऐसे सभी छात्रों को सेंटर के अंदर प्रवेश ना देते हुए उन्हें वापस कर दिया गया वही मामले में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी सैंटरो की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। वही मामले में तहसीलदार बिपिन चंद्र पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा में 1726 परीक्षार्थी रामनगर में बने 17 सेंटरों में शामिल हुए उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 1828 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में मनाया वर्ल्ड हेल्थे डे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।'वर्ल्ड हेल्थ डे' पर इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ ओरगेनाइजेशन (डब्लू0 एच0 ओ0) वर्ल्ड हेल्थ डे के रूप में मनाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी संपूर्ण विश्व में वर्ल्ड हैल्थ डे मनाया गया। जिसका का थीम था - 'हेल्थ फॉर ऑल'। विद्यालय प्रांगण में विशेष प्रर्थना सभा के दौरान छात्र-छात्राओं को कक्षा छ: के छात्र मेहुल जोशी द्वारा स्वस्थ रहने की शपथ दिलाई गयी। कक्षा पाँच के विहान बिष्ट ने स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मन पर अपने सुविचार रखे। कक्षा एक की रूद्राणी रावत ने अच्छे खान-पान व स्वस्थ शरीर पर कविता प्रस्तुत की। कक्षा दसवीं की प्रतीती साह ने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के उपायों पर अपने विचार रखे और बताया कि संतुलित आहार से बीमारियों को दूर रखा जा सकता है। इसी श्रृंखला में प्री प्राइमरी से कक्षा 2 के नन्हें मुन्नों को हेल्दी हैण्डवाश के महत्व को समझाया गया। योगा अध्यापिका द्वारा कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों को योगा करवा कर उन्हें योगा के लाभों से अवगत कराया कि प्रात: उठकर व्यायामक रने से दिन भर स्वस्थ विचार आते हैं व तन-मन स्वस्थ रहता है। क्क्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को एरोबिक्स करा कर स्वस्थ रहने के महत्व को बताया। कर्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने स्चस्थ तन स्वस्थ मन विषय पर सभा को संबोधित किया। उन्होने कहा कि छात्र -छात्राएं अपने परिवेश में भी स्वच्छता रखकर स्वस्थ समाज में सहयोग करें। कर्यक्रम का संचालन कक्षा 12 की फातिमा सिद्धीकी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्मिता पंत का योगदान रहा। इस मौके पर सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बाबा अमरीक सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

गदरपुर(उद संवाददाता)।गुरुद्वारा माता साहिब कौर दिनेशपुर के सरपरस्त बाबा अमरीक सिंह खारा की अंतिम अरदास कार्यक्रम के दौरान हजारों लोगों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब को नमन करके बाबा अमरीक सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार सेवा दिल्ली के बाबा बचन सिंह की सरपरस्ती में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया,3 दिन पूर्व रखे गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ के भोग के उपरांत रागी जत्था भाई कुलवंत सिंह गुरुद्वारा नानकपुरी टांडा वालों द्वारा गुरमुख जन्म सवार दरगह चलया और बाबा बोलते थे कहां गए, देहि के संग रहते गायन करके संगत को आत्मविभोर कर दिया अन्य वक्ताओं ने



भी बाबा अमरीक सिंह खारा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अरदास के उपरांत बाबा गुरुदेव सिंह को गुरुद्वारा माता साहिब कौर के जत्थेदार की जिम्मेदारी प्रदान कर दस्तार भेंट की गईस इस मौके पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट, विधायक अरविंद पांडे, काबल सिंह विर्क, गु. श्री नानकमत्ता साहिब के अध्यक्ष हरबंस सिंह चुघ,बाबा गुरजंट सिंह, चंद्र सिंह ,तरसेम सिंह, मलूक सिंह ,डॉ कुलवंत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार ,ग्रंथि सतवीर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## महंगी किताबों की शिकायत पर 256 स्कूलों में छापे, 22 को नोटिस

देहरादून। प्रदेश के निजी स्कूलों में एनसीईआरटी के बजाए निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें लगाने की शिकायत पर शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को प्रदेशभर के 256 निजी स्कूलों में छापे मारे। शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा नैनीताल के 21 और हरिद्वार के एक स्कूल को नोटिस दिया गया है। मनमानी करने वाले स्कूलों की एनओसी रद्द की जाएगी। शिक्षा महानिदेशक ने कहा कि प्रदेश के निजी स्कूलों की विभिन्न माध्यमों से शिकायत आ रही थी, जिसे देखते हुए विभाग की ओर से जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों की अलग-अलग टीमें बनाकर स्कूलों में छापे की कार्रवाई की गई है। छापे के दौरान हरिद्वार में एक ऐसा भी मामला सामने आया जिसमें छात्र-छात्राओं को 3400 रुपये में समस्त विषयों की डिजिटल पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही थी। निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें लगाने के सबसे अधिक हरिद्वार और नैनीताल जिले में मामले सामने आए हैं। शिक्षा महानिदेशक ने कहा नैनीताल में 49, रुद्रप्रयाग में 10, बागेश्वरव में नौ, देहरादून में 21, चमोली में 77, हरिद्वार में 37, अल्मोड़ा में 31, टिहरी में 11 और उत्तरकाशी में 11 स्कूलों में छापे मारे गए। अभिभावकों पर महंगी किताबों के लिए दबाव बनाने की जिन स्कूलों के खिलाफ शिकायत सही मिली है, उन्हें नोटिस देकर कार्रवाई की जा रही है। निजी स्कूलों की ओर से मनमानी फीस और किताबों के लिए अभिभावकों पर दबाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्कूलों में छापे की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। निजी स्कूलों की मनमानी फीस और महंगी किताबों के संबंध में शिक्षा महानिदेशक ने विभागीय अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक ली। उन्हें इस तरह के मामलों में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। महानिदेशक ने कहा कि फीस और महंगी किताब को लेकर किसी अभिभावक का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इस तरह की जो भी शिकायत मिलें, अधिकारी उसे गंभीरता से लेते हुए उसकी जांच कर कार्रवाई करें।

## संदिग्ध हालातों में युवा व्यवसायी जयंत ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। युवा मेडिकल व्यवसायी ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिंह कालोनी निवासी 34 वर्षीय जयंत फुटेला पुत्र गुलशन कुमार फुटेला इंदिरा कालोनी मोड़ पर मेडिकल स्टोर चलाता था। सुबह जयंत के माता पिता किसी रिश्तेदारी में गये थे। अपनी पुत्री को जयंत भाई के घर मलिक कालोनी छोड़ आया था। सुबह से मेडिकल स्टोर बंद होने पर किसी परिचित ने जयंत के बड़े भाई कपिल को फोन करके मेडिकल स्टोर बंद होने का कारण पूछा तो कपिल ने जयंत के



नम्बर पर फोन किया। फोन रिसीव नहीं होने पर वह घर पहुंचा तो जयंत का पंखे में लटका शव देखकर उसके होश उड़ गये। मृतक की पत्नी मायके गयी हुयी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर कोतवाल विक्रम राठौर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्म हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। मृतक हंसमुख और मिलनसार था उसके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। बताया जाता है कि मृतक जयंत पिछले कुछ समय से आर्थिक और पारिवारिक कारणों से परेशान था। पहली पत्नी से उसका तलाक हो चुका था जबकि दूसरी पत्नी से भी कुछ समय से अनबन चल रही थी।

## राष्ट्रसेवा ही हम सबकी प्रथम जिम्मेदारी : संतोष मेहरोत्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2023 में प्रथम स्थान पर रही उत्तराखंड राज्य की झांकी मानस खंड का राज्य के समस्त जनपदों के मुख्य स्थानों में आम जनता के सम्मुख प्रदर्शन किया




जा रहा है । जिसके चलते सर्वप्रथम मानस खंड झांकी उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के सीमांत क्षेत्र काशीपुर पहुंची जहां ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा ष्नारी एक शक्तिष्ळ 20 के बैनर तले मानस खंड झांकी का भव्य स्वागत किया गया । जिससे यह भी साफ देखने को मिला कि युवा में भी उत्तराखंड के कल्चर को ऐसा अद्‌भुत सम्मान मिलते देख वह भी गौरवान्वित हुए हैं । वही संस्था के चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा द्वारा भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया गया है क्योंकि उत्तराखंड की धरोहर को इस वर्ष एक अलग ही पहचान उनके प्रयासों से मिली है । साथ ही कॉलेज सेक्रेटरी शिवानी मेहरोत्रा ने सभी उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी ही हम सभी देशवासियों की प्रथम जिम्मेदारी है और हम सबको बड़ चढ़ कर राष्ट्र के निर्माण कार्य में लगे रहना चाहिए ।

## जुआ खेलते हजारों रुपए समेत तीन व्यक्ति गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान तीन लोगों को जुआ खेलते हजारों रुपए समेत गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में का.भूपेंद्र सिंह ज्येष्ठा, राजा गौतम व भूपेंद्र सिंह द्वारा क्षेत्र में गश्त के दौरान गोला पार्किंग में झोपड़ी के पीछे तीन लोगों को सार्वजनिक स्थान में जुआ खेलते हुए ताश पत्ते व कुल 2780 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार किया गया।पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता अजहर अली पुत्र अन्सार अली निवासी बड़ी मस्जिद के



पास इन्द्रानगर, भय्ये खान पुत्र शाकिर खान निवासी नई बस्ती गोपाल मन्दिर के पास तथा इस्तेखार सैफी पुत्र सत्तार हुसैन सैफी निवासी इन्द्रानगर ख्वाजा कालोनी बताया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# औली में स्काई रनिंग और स्काई अल्ट्रा रेस प्रतियोगिता शुरू

## उत्तराखण्ड सभी तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार : सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जोशीमठ, चमोली में राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय मैराथन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जोशीमठ औली से हिमालयन मैराथन, फन रेस सहित अन्य खेलों का शुभारंभ होना हमारे लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के शुरुआती दिनों में जोशीमठ को लेकर जो भय का माहौल बनाया जा रहा था, आज सब सामान्य है। सरकार ने इस स्थिति से उभरने के लिए सकारात्मक काम किए हैं। इसी का परिणाम है कि 22 अप्रैल से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के लिए 11.30 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बर्फ ना गिरने के कारण औली में विंटर्स गेम नहीं हो सके, लेकिन आज जोशीमठ में मैराथन के आयोजन के बाद सभी काम अच्छे होंगे और चार धाम यात्रा शुरू होने जा रही है। देवभूमि उत्तराखण्ड सभी तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट, विधायक श्री अनिल नौटियाल, श्री भूपाल राम टम्टा, बीकेटीसी के अध्यक्ष श्री अजेन्द्र अजय, बीजेपी के जिला अध्यक्ष श्री रमेश मैखुरी व बडी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद थी। सीएम धामी भी इस आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचे। सुरक्षित जोशीमठ का संदेश देने के लिए आठ अप्रैल से औली में स्की माउंटेनियरिंग एसोसिएशन उत्तराखंड और स्काई रनिंग एसोसिएशन उत्तराखंड संयुक्त रूप से राष्ट्रीय स्तर की स्काई रनिंग और स्काई अल्ट्रा रेस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। रेस बदरीनाथ हाईवे पर स्थित हनुमान चट्टी से औली (46 किलोमीटर) तक आयोजित हुई। सीएम पुष्कर सिंह धामी जोशीमठ नृसिंह मंदिर परिसर से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि 22 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए अब तक करीब 11 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। चारधाम यात्रा में आने वाले लोग अपने साथ अच्छी यादें लेकर जाएं, जिसके लिए लगातार काम चल रहा है। आज प्रदेश हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कहा कि बदरीनाथ धाम का मास्टर प्लान भी प्रगति पर है और इसके नवंबर 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। इसमें उड़ीसा, यूपी, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड के प्रतिभागी शामिल होंगे। जोशीमठ से 98 महिलाओं ने भी टीम रेस में प्रतिभाग करने के लिए पंजीकरण कराया है जबकि नेपाल और यूपी से भी एक-एक महिला ने पंजीकरण करवाया है। रेस बदरीनाथ धाम से दस किलोमीटर पहले हनुमान चट्टी से जोशीमठ नगर और सुनील गांव होते हुए औली पहुंचेगी। इसमें प्रतिभागियों को 48 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। अजय भट्ट ने बताया कि प्रतियोगिता के टॉप-5 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। दोनों प्रतियोगिताओं का आयोजन दो अलग-अलग दिनों में किया जाएगा। पहाड़ी क्षेत्र में दो हजार मीटर की ऊंचाई पर दौड़ लगाने को स्काई रनिंग कहते हैं। इसमें चढ़ाई की कठिनाई (ग्रेड-2) अधिक नहीं होनी चाहिए और उतार-चढ़ाव 30 डिग्री से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा स्काई अल्ट्रा रेस में विभिन्न कठिनाइयों को पार करते हुए दौड़ लगानी पड़ती है। स्की माउंटेनियरिंग एसोसिएशन की ओर से स्काई रनिंग और स्काई अल्ट्रा रेस के माध्यम से सुरक्षित जोशीमठ का संदेश दिया जाएगा।






# जोशीमठ में प्रीफैबरीकेटेड भवन निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया

जोशीमठ। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ में आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभावितों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को हर संभव मदद दी जा रही है। उन्होंने औली रोड में



प्रीफैबरीकेटेड भवन निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि जोशीमठ आपदा प्रभावितों के लिए सबसे अच्छा मुआवजा तय किया गया है। ऐसे प्रभावित परिवार जिनके पास अपनी भूमि नहीं है, उनके पुनर्वास के लिए भूमि चयन के बाद प्रीफेबरिकेटेड भवन तैयार किए गए है। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट, कर्णप्रयाग विधायक श्री अनिल नौटियाल, थराली विधायक श्री भूपाल राम टम्टा, जोशीमठ नगर पालिका अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र पंवार, ब्लॉक प्रमुख श्री हरीश पंवार, पुलिस अधीक्षक श्री प्रमेंद्र डोबाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# समर्पित कार्यकर्ताओं के बलबूते फिर मजबूती से खड़ी होगी कांग्रेस: मीना शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कांग्रेस के निष्ठावान समर्पित और ईमानदार कार्यकर्ताओं से भावुक अपील की है और उन्होंने आव्हान किया है कि वह भाजपा से डरे नहीं बल्कि उससे डटकर मुकाबला करने के लिए साहसिक बने। श्रीमती शर्मा ने कहा कि राजनीति में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और समय कभी भी एक सा नहीं रहता वह हमेशा गतिमान रहता है इसलिए कार्यकर्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है समय बदलेगा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बलबूते फिर मजबूती के साथ खड़ी होगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि जैसे पतझड़ के बाद बसंत रात के बाद दिन और अंधेरे के बाद उजाला होता है उसी तरह वो दिन दूर नही जब कांग्रेस पहले की तरह और मजबूती के साथ उभरेगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि अच्छे दोस्त और अच्छे कार्यकर्ता की पहचान कठिन परिस्थितियों में और जब बुरा वक्त आता है तभी होती है। उन्होंने कहा कि सही मायने में बुरे वक्त में जो कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा रहता है उसकी पहचान निष्ठावान समर्पित और ईमानदार कार्यकर्ता के रूप में होती है आज जो कार्यकर्ता कांग्रेस के साथ खड़े हैं वही सही मायने में असली और ईमानदार कार्यकर्ता हैं। श्रीमती शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता जानते हैं कि कांग्रेस ही देश की सबसे पुरानी पार्टी है उसके नेतृत्व में ही देश की आजादी की लड़ाई लड़ी गई आज देश में जो विकास दिखाई दे रहा है वह कांग्रेस की ही देन है। कांग्रेस ने ही इसकी बुनियाद रखी स यही नहीं कांग्रेस ने धर्मनिरपेक्ष और सांप्रदायिक सद्भावना के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए जिसे कभी अनदेखा नहीं किया जा सकता। श्रीमती शर्मा ने कहा कि उन्हें दुख होता है कि जिन लोगों की पहचान कांग्रेस से बनी वह आज कांग्रेस को छोड़कर जा रहे हैं। उन्होंने पार्टी के जुझारू और समर्पित कार्यकर्ताओं से कहा कि आज भाजपा से डरने की जरूरत नहीं है बल्कि उससे लड़ने की जरूरत है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि यह सच है कि सत्य प्रताड़ित जरूर हो सकता है किंतु पराजित नहीं हो सकता। इसलिए कार्यकर्ता हौसला और जज्बा नहीं छोड़े और अपना विश्वास और अपनी आस्था कांग्रेस में बनाए रखें। श्रीमती शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया की कार्यकर्ताओं के बलबूते कांग्रेस फिर मजबूती से आगे आयेगी। श्रीमती शर्मा ने कहा की निगम चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराएगा और उन्हें पूरा भरोसा है की कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता निष्ठा लगन समर्पण और ईमानदारी से कांग्रेस के लिए काम करेगा।



# खटीमा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जिलाध्यक्ष गावा का जोरदार स्वागत

खटीमा(उद संवाददाता)। कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा का खटीमा पहुँचने पर विधायक भुवन कापड़ी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरानमिष्टान वितरण भी किया गया।इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि पार्टी संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उस पर वह पूरी निष्ठा से काम करते हुए जिले में संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। श्री गावा ने कहा कि तराई में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए उनका परिवार हमेशा समर्पित रहा है। आगे भी पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कमजोर करने की कोशिशों को सफल नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव के लिए जोर शोर से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकार की जान विरोदी नीतियों को जान जान तक पहुचाएं। विधायक भुवन कापड़ी ने कहा कि जिलाध्यक्ष पद पर पार्टी ने जमीन से जुड़े हुए कर्मठ हिमांशु गावा को कमान सौंपी है। गावा परिवार पार्टी के लिए दशकों से समर्पित रहा है। गांव के जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के निर्णय का सम्मान करना चाहिए पार्टी ने जो भी निर्णय लिया है वह सोच समझकर लिया है। भविष्य में इसके सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बॉबी राठौर, नगर अध्यक्ष रमेश भटनागर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, मान सिंह जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा सोनकर, कृष्णा नेगी, लीला चंद, शांति सामंत, देवेंद्र कन्याल, नासिर खान, राशिद अंसारी, जिला पंचायत सदस्य अरविंद कुमार, दान सिंह राणा, जसविंदर सिंह, राजू सोनकर, मोहसिन, राज किशोर सक्सेना आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वार

## श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य दरबार, स्वर्ण चोला श्रृंगार, छप्पन भोग, विशाल भंडारा आयोजित

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत राजेंद्र अग्रवाल जी के सानिध्य में श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री बालाजी महाराज, श्री भैरव जी एवं श्री प्रेतराज सरकार जी को स्वर्ण चोला श्रृंगार एवं छप्पन भोग किया गया। भव्य दरबार सजाया गया एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने श्री बालाजी महाराज केचरणो में अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरुवंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का भक्तोद्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। उसके पश्चात महंत जी ने छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके पश्चात महन्त जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, बिट्टू अरोरा ने तुमने ही बुलाया है दरबार में आया हूँ, विपुल कुमार ने मेरी आशा ना तोड़ो बालाजी, हरिचरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे, नितिन रस्तोगी ने चोला चमके बाबा का चोला चमके, रोहन भटनागर ने देना हो तो दीजिए, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने राम प्रभुपर विपदा आयी कौन बना रखवाला मेरे बजरंग बाला, पवन खेड़ा ने मेरी कुटिया के भाग आज खुल जाएँगे बाबा आयेंगे, विशाल मदानने करो भरोसा बालाजी पर बन जाए बिगड़े काम भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगानेके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बलदेव डाबर, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, खैरात कुमार, शिव कुमार, अमनश्रीवास्तव, रोहन भटनागर, सुनील कुमार, लवी अरोरा, हरिचरण सिंह, पवन खेड़ा, बिट्टू अरोरा, सौरभ अग्रवाल, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, धर्मवीर चौधरी, मेघराज, माधव अग्रवाल, अजय जायसवाल, विपुल कुमार, पवन कुमार, अमित नारंग, राहुल अग्रवाल, पवनअग्रवाल, वैभव गगनेजा, अरविंद ठक्कर, टिल्लू सक्सेना, कृष्ण छाबड़ा, मदन लाल खन्ना, अमन श्रीवास्तव, विजय गंगवार, नितिन रस्तोगी, सुरेश मित्तल, केसर पाहवा, अंकित गगनेजा, सुभाष गोयल, ललित गोयल, सुमित बब्बर, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।



# केन्द्रीय मंत्री ने किया पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण

गदरपुर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवम पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने विकासखंड गदरपुर की बरीराई पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि योजना को समयबद्धता एवम गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि हर घर नलखहर नल जल का सपना साकार हो ताकि जनता को आसानी व सरलता से पेयजल की उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त पेयजल की आपूर्ति होने से जनता में जल जनित बीमारियां फैलने की संभावनाएं भी नगण्य होंगी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता मृदुला सिंह ने बताया कि योजना में केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर नल द्वारा जल उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम में 90:10 ( केन्द्रांश : राज्यांश) के अनुपात में धनराशि की व्यवस्था की गई है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यत: पेयजल एवं ग्रे वाटर मैनेजमेंट आदि के कार्य होने हैं, जिन पर इस योजना के अंतर्गत विशेष ध्यान दिया गया है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्व ग्राम बरीराई पेयजल योजना अनुमानित लागत रु० 856.82 लाख का निर्माण कार्य किया जाना है। उक्त योजना के अंतर्गत 02 नग 105 किलो0 क्षमता / 17 स्टेजिंग एवं 395 किलो0 क्षमता / 17 स्टेजिंग के उच्च जलाशय, वितरण प्रणाली 90 एम0एम0 व्यास से 225 एम0एम0 व्यास क 100, 6, 39.00 किमी0 पाईप लाइन, 02 नग नलकूप एवं 02 नग पम्प हाउस आदि का निर्माण कार्य मय सामग्री टेस्टिंग / कमीशनिंग आदि का निर्माण कार्य किया जा रहा है। विकास खंड गदरपुर में बरीराई पेयजल योजना द्वारा 01 नग उच्च जलाशय, नलकूप / पम्प हाउस आदि के निर्माण कार्यों हेतु भूमि बरीराई ग्राम के तोक सुन्दरपुर में ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ऊधमसिंह नगर को उपलब्ध करा दी गई थी तथा 01 नग उच्च जलाशय, नलकूप / पम्प हाउस आदि के निर्माण कार्यों हेतु ग्राम बरीराई के तोक केवलगंज में ग्रामवासी श्री तारासिंह द्वारा जनहित में 25 ' 25 मीटर भूमि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ऊधमसिंह नगर को दान में दी गयी थी । उक्त भूमि पर उच्च जलाशय एवं पम्प हाउस इत्यादि कार्य पूर्णतया की ओर अग्रसर है एवं ग्राम बरीराई में वितरण प्रणाली एवं एफएचटीसी क्रियाशील पेयजल योजना संबंधी कार्य प्रगति पर है। योजना का निर्माण माह सितम्बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। योजना के निर्माण से विकासखंड गदरपुर की बरीराई पेयजल योजना के अंतर्गत सम्मिलित राजस्व ग्राम बरीराई की लगभग 10500 जनसंख्या (लगभग 2200 परिवार ) लाभान्वित होंगी एवं 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन मानक दर से शुद्ध पाइप्ड पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा।





# लिक्विसल विंडो ने सिक्स सिग्मा में किया पूल कैम्पस प्लेसमेंट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा छात्रों का पूल कैम्पस प्लेसमेंट कराया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया का आयोजन सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हेड रजत धवन की देखरेख में हुआ। प्रक्रिया में कम्पनी के एच. आर. अजय शर्मा द्वारा सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरण , कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। इस प्रक्रिया सिविल व मैकेनिकल इंजीनियरिंग -2023 के 80 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया , इस पूल कैम्पस में सिक्स सिग्मा (संचालक) , जी.ई.टी. बाजपुर , गवर्नमेंट पॉली. काशीपुर व यू. आई.टी.पी.ई., रामनगर के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 22 प्रतिभागियों



का 2.28 लाख सी.टी.सी.पर चयन हुआ। छात्र व छात्राओं ने संस्थान के प्रबंध न समिति, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन को अपना धन्यवाद प्रकट किया। संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को- चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनज्मेंट टीम मेम्बर वंश डाबर ,कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह, व सीएओ अनुभव बाठला ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की । कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट चयन के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा।

# रहस्यमय परिस्थितियों में छात्र लापता

रामनगर(उद संवाददाता)। शनिवार की शाम एक नाबालिग छात्र घर से बिना बताए लापता हो गया जिसके बाद एक छात्र के जहां एक ओर परिजन काफी चिंतित है तो वही पुलिस ने नाबालिग छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहल्ला भरतपुरी निवासी करीब 15 वर्षीय मयंक मावडी पुत्र परवीन मावडी शनिवार की शाम को घर से बिना बताए लापता हो गया उन्होंने बताया कि इस मामले में लापता नाबालिग छात्र की धारा 365 आईपीसी के तहत गुमशुदगी दर्ज करने के साथ ही पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के साथ ही लापता छात्र के साथ रहने छात्रों से भी पूछताछ की जा रही है। वही लापता छात्र के पड़ोसी विक्की रावत ने बताया कि लापता छात्र को खोजने के लिए परिजन व पड़ोस के लोगों द्वारा काफी प्रयास किए गए लेकिन उसका कोई पता नहीं लग पाया उन्होंने पुलिस से लापता छात्र को सकुशल बरामद करने की मांग की है।



# नवागंतुक बच्चों ने विद्यारंभ से पूर्व की मंदिर में प्रार्थना

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित एस.एस. पब्लिक स्कूल में नर्सरी, एल.के.जी. एवं यू.के.जी. के छात्र-छात्राओं द्वारा मन्दिर में प्रार्थना कर विद्यालय में विद्यारम्भ के लिए प्रवेश लिया। विद्यालय के नये प्रधानाचार्य परविन्दर सिंह ने अपने समस्त स्टाफ के साथ बच्चों का स्वागत किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। श्री सिंह के कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त विद्यालय दिन प्रतिदिन प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। श्री सिंह विद्यालय में पढ़ाई में गुणवत्ता के साथ-साथ विकास कार्यों, साफ-सफाई एवं अनुशासन को विशेष प्राथमिकता दे रहे हैं। श्री सिंह के आने के पश्चात् गदरपुर वासियों एवं अभिभावकों में उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि विद्यालय के एमडी डी0 पी0 सिंह ने हर्ष जाहिर करते हुए अवगत कराया कि परविन्दर सिंह जी की देखरेख में एस.एस.पी.एस. को नगर का सर्वोच्च संस्था बनाने के लिए जो भी आवश्यक होगा किया जायेगा। मेरा सकंल्प है कि "हार नहीं मानूँगा, रार नहीं ठानूंगा । काल के कपाल पर, लिखता मिटाता हूँ। गीत नया गाता हूँ, गीत नया गाता हूँ।" संकल्प के साथ आहूति बाकी, यज्ञ अधूरा, अपनो के विघ्नों ने घेरा, अन्तिम जय को वज्र बनाने, नव दधीचि हड्डियाँ जलाएँ। आओ फिर से दिया जलाएँ। आओ फिर से दिया जलाएँइस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य परविन्दर सिंह, सुरेंद्र प्रसाद,रेनू राठी, सचिन बजाज, इन्द्रजीत सिंह,राजेन्द्र सिंह,हर्षित मण्डल, गुरदयाल सिंह, सागर अरोरा,नेहा सक्सेना, प्रदीप कुमार चावला, राजकुमार, अजीत सिंह, प्रदीप चौधरी, कीर्ति फौगाट,उमेश चौहान सहित बच्चे उपस्थित रहें।

# महानाम संकीर्तन में श्रद्धालुओं की आंखों से निकली अश्रुधारा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी स्थित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में चल रहे 24 प्रहर व्यापी अखण्ड महानाम संकीर्तन सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे हैं। गत दिवस आमंत्रित कीर्तन मंडलियों द्वारा कीर्तन करते हुए ऐसे प्रसंग सुनाए गए जिन्हें सुनकर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति में इतने समर्पित हो गए कि उनकी आंखों से अश्रु धारा फूट पड़ी। कई श्रद्धालु तो एक दूसरे के गले मिल रोने लगे। ढोलक मंजीरों की थाप पर कीर्तन मंडलियां 7 अप्रैल की प्रात: से निरंतर अखंड महानाम संकीर्तन कर रही हैं। साथ ही आयोजकों द्वारा प्रति दिन प्रात: एवं सायंकाल विशाल भंडारे का वितरण भी किया जा रहा है। कीर्तन मंडलियों में धर्मनगर दिनेशपुर की हरि गोपाल सम्प्रदाय संकीर्तन मंडली, पिपलिया नम्बर दो से राधा रमन सम्प्रदाय, दिनेशपुर से राधा कृष्ण सम्प्रदाय, मलखान गिरी, उड़ीसा से घनश्याम सम्प्रदाय, मियांपुर उत्तर प्रदेश से राधे राधे संप्रदाय तथा पश्चिम बंगाल से मां मोनोशा संप्रदाय संकीर्तन मंडलियां शामिल हैं। महानाम संकीर्तन की धुन में उपस्थित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तिभाव में खुद को समर्पित कर रहे हैं। कल 10 अप्रैल को प्रात: 6 बजे अखण्ड महानाम संकीर्तन का विश्राम होगा। व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में आयोजन कमेटी के अध्यक्ष गौतम घरामी, उपाध्यक्ष रंजीत मंडल, संजय विश्वास, संजय ढाली, सुजीत पाल, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, सचिव असीम समद्दार, कोषाध्यक्ष सुखदेव मंडल, उप सचिव जयदेव पाल व आडिटर पवित्र शील, विकास विश्वास, गोबिंद राय आदि निरंतर जुटे हुए हैं। महानाम संकीर्तन सुनने के लिए दिनेशपुर, जाफरपुर, दानपुर, पंतनगर, गुलरभोज, शक्तिफार्म, सितारगंज सहित ट्रांजिट कैंप, संजय नगर, रम्पुरा, सिंह कालोनी, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, रविंद्रनगर, दरियानगर आदि कालोनियो से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस दौरान प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, श्यामल राय, सुब्रत सरकार, विष्णु सरकार, दीपंकर साना, संजय आइस, असीम सरकार, चंचला पाण्डे, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, सपन साना, मधु सरकार, कृष्णा सरकार, सुशांत राय, भुवन राय, दुलाल बैरागी, शंकर सरकार, गौरव राय, फटीक मजूमदार, काशीनाथ हाजरा, परेश मेहरा, भगीरथ पाल, कंकन विश्वास, खगोपति विश्वास, अशोक राय, बाबू दास, भरत सिकदार, नीरू ढाली, सिमरन विश्वास, गौरंग विश्वास, मनोज विश्वास, वनमाली शील, विवेक गुप्ता, आशा सरकार, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरोराय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, सुबल मंडल, पुलिन शिल, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गोविन्द सरकार अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुनीता साना, श्याम सरकार, शिपाली हालदार, मिथुन चक्रवर्ती, पुष्पा सरकार, कल्पना मदक, वकुल वर्मन, अंजली गोलदार, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, सुंदरी, कविता मंडल, देवदास सरकार, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, सविता मजूमदार, आरती राय, भुवन राय, दुलाल बैरागी, शंकर सरकार, फटीक मजूमदार, काशीनाथ हाजरा, परेश मेहरा, भगीरथ पाल, कंकन विश्वास, चंदना सरकार, माया बैरागी, ऊषा विश्वास,अमित सरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।







ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Price | Time | Quality
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आर्थिक विकास दर

रिजर्व बैंक ने दरअसल यह फैसला उद्योग परिसंघ की सलाह पर किया है। इस फैसले से निस्संदेह उन लोगों ने राहत की सांस ली है, जिन्होंने घर, वाहन, कारोबार आदि के लिए बैंकों से कर्ज लिया है।भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दरों को अपरिवर्तनीय रखने के फैसले पर कुछ लोगों को हैरानी है। इसलिए कि जिस तरह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई छह फीसद से ऊपर बनी हुई है और दुनिया के बैंक अपनी ब्याज दरों में लगातार बदलाव कर रहे हैं, उसे देखते हुए उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय रिजर्व बैंक भी अपनी दरों में कम से कम पच्चीस आधार अंक की बढ़ोतरी करेगा।मगर रिजर्व बैंक का कहना है कि फिलहाल महंगाई काबू में है, विदेशी निवेश आ रहा है, आर्थिक विकास दर अनुमान के मुताबिक सुदृढ़ बनी हुई है, इसलिए अभी रेपो दरों में किसी प्रकार के बदलाव की जरूरत नहीं है। इस फैसले को रिजर्व बैंक ने विराम बटन दबाना बताया है। यानी आगे स्थितियों के मुताबिक रेपो दरों में बदलाव संबंधी कदम उठाए जाएंगे।रिजर्व बैंक ने दरअसल यह फैसला उद्योग परिसंघ की सलाह पर किया है। इस फैसले से निस्संदेह उन लोगों ने राहत की सांस ली है, जिन्होंने घर, वाहन, कारोबार आदि के लिए बैंकों से कर्ज लिया है। पिछले वित्तवर्ष में महंगाई पर काबू पाने के मकसद से रेपो दरें छह बार बढ़ाई गई थीं। इससे कर्ज लेने वालों पर पहले ही बोझ बढ़ गया है।दरअसल, रेपो दरों में बदलाव से बाजार में पैसे का प्रवाह प्रभावित होता है। अगर रेपो दरें कम हैं, तो बाजार में पैसे का प्रवाह बढ़ जाता है। ब्याज दरें बढ़ने से लोग खर्च कम करने का प्रयास करते हैं, इस तरह महंगाई पर काबू पाया जा सकता है। रिजर्व बैंक के रेपो दरों में बढ़ोतरी से इस मामले में सकारात्मक नतीजे नजर आए हैं। इसके अलावा जो लोग भविष्य की सुरक्षा के लिहाज से बैंकों में पैसे जमा रखते हैं, उन्हें ब्याज अधिक मिलता है। इस तरह सेवानिवृत्त और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ऊंची ब्याज दरें अच्छी मानी जाती हैं।मगर उद्योग जगत के लिए यह अच्छा नहीं होता, क्योंकि उन्हें न सिर्फ कर्ज पर अधिक ब्याज चुकाना पड़ता है, बल्कि उनकी उत्पादन लागत बढ़ जाती है, वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से लोग खरीद-फरोख्त कम करते हैं। इस तरह उन पर दोहरी मार पड़ती है। इसलिए उद्योग समूह रेपो दरों को यथावत रखने के पक्ष में था। मगर वैश्विक आर्थिक स्थितियों को देखते हुए यह दावा करना मुश्किल है कि रिजर्व बैंक अपने इस फैसले पर कब तक कायम रह पाएगा।रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास दर के अपने अनुमान में मामूली बढ़ोतरी कर साढ़े छह फीसद कर दिया है। हालांकि दुनिया की तमाम रेटिंग एजेंसियां इस अनुमान को घटा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि चालू वित्तवर्ष में दुनिया की आर्थिक विकास दर तीन फीसद रहने का अनुमान है। जाहिर है, ऐसी स्थिति में भारत को निर्यात के मोर्चे पर काफी संघर्ष करना पड़ेगा। अभी तो आयात में कटौती करके वह अपना व्यापार घाटा पाटने में सफल रहा है, मगर यह लंबे समय तक व्यवहार में नहीं लाया जा सकता। फिर, जब अमेरिकी फेडरल और दूसरे देशों के बैंक अपनी ब्याज दरें इसलिए बढ़ा रहे हैं कि उनकी बाहर गई पूंजी वापस लौट आए, तो भारत के सामने रुपए की कीमत को स्थिर रख पाने की चुनौती बनी रहेगी। जहां तक महंगाई की बात है, अब भी वह रिजर्व बैंक द्वारा तय सहन क्षमता के मानक से ऊपर है। इसलिए देखने की बात है कि रिजर्व बैंक का यह विराम बटन कब तक दबा रहता है।

# भूटान से बेहतर संबंधों की उम्मीद

भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के बीच नई दिल्ली में हुई बातचीत से हाल में उपजी कुछ आशंकाओं का समाधान होता दिखा है। दोनों देश डोकलाम मुद्दे समेत कई अन्य राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों पर पूर्व निध ्रारित पृष्ठभूमि पर ही वचनवद्ध रहेंगे। इस दृष्टि से श्पहले से ही घनिष्ट संबंध ेंश को और मजबूती देने के लिए पांच सूत्री गतिविधियों पर आगे बढ़ते रहेंगे, जिससे परस्पर समन्वय और दृढ़ होंगे। इस सिलसिले में भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा का कहना है कि भूटान नरेश की भारत यात्रा विविध क्षेत्रों में हमारे सहयोग का और व्यापक खाका रचती है। दोनों देशों के बीच आवागमन सरल हो और अंतरंगता बढ़े, इस नजरिये से असम के कोकराझार से लेकर भूटान के गेलफू के बीच रेल परियोजना पर काम चल रहा है। दोनों देशों के बीच यह पहला रेल संपर्क होगा। इसके अलावा जिन पांच सूत्रीय कार्यक्रमों के विकास की रूपरेखा को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा, उनसे परस्पर तालमेल और पुख्ता होगा। भूटान के साथ 13वीं पंचवर्षीय योजना में सहयोग करते हुए भारत उसके विकास में सहयोग करता रहेगा। साथ ही वह व्यापार, सूचना तकनीक में निवेश के साथ रेल, हवाई सुविधा और अंतर्देशीय जलमार्ग भी विकसित करेगा। भूटान में भारत द्वारा दीर्घकालिक और सतत व्यापार सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी, ताकि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं मजबूत हों। अक्षय ऊर्जा के संदर्भ में भी भारत भूटान को मदद उपलब्ध कराएगा। साथ ही अभिनव पहल करते हुए भारत भूटान को अंतरिक्ष क्षेत्र और स्टार्टअप में भी योगदान देगा। देखा जाए तो भूटान अब तक भारत की सलाह के बिना आगे नहीं बढ़ता था। ध र्म और संस्कृति में समानता होने के कारण दोनों देशों के बीच शताब्दियों से मधुर संबंध बने रहे हैं। लेकिन भूटान के प्रधानमंत्री लोतेय शेरिंग ने हाल ही में एक साक्षात्कार में जैसा बयान दिया, उससे कुछ समय के लिए यह भ्रम पैदा हुआ था कि वह डोकलाम पर चीन की भाषा बोल रहे हैं। वस्तुतः डोकलाम विवाद का हल करने के लिए शेरिंग ने कहा था कि चीन को भी इस वार्ता में शामिल किया जाए और चीन ने भूटान की सीमा के भीतर कोई गांव नहीं बसाया है। जबकि इन्हीं दोनों मुद्दों पर वर्ष 2017 में चीन से भारत और भूटान का इतना विवाद गहराया था कि सैन्य हस्तक्षेप के हालात उत्पन्न हो गए थे और लगभग ढाई माह तक गतिरोध बना रहा था। जबकि भारत का आरंभ से ही यह मानना रहा है कि चीन ने अवैध तरीके से डोकलाम पर कब्जा किया हुआ है। उपग्रह से लिए गए चित्रों से पता चला था कि चीन ने भूटान की धरती पर गांव बसा लिया है। ऐसे में भूटान के बदलते रुख से यह संदेह पैदा होना स्वाभाविक है कि शायद भूटान ने चीन के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने के लिए द्विपक्षीय बातचीत शुरू कर दी है। इसीलिए शेरिंग ने कहा था कि किसी भी पक्ष को तीनों देशों के वर्तमान त्रिकोणीय बिंदु पर एकतरफा कोई भी राय बनाने की जरूरत नहीं है। यह त्रिकोण दुनिया के मानचित्र पर बटांग-ला नाम से जाना जाता है। चीन की चुंबी घाटी बटांग-ला के उत्तर में है। भूटान की दक्षिणी, पूर्वी और पश्चिमी सीमा भारत से सटी हुई है। लिहाजा चीन जिस तरह से अपने पड़ोसी देशों पर अनैतिक दबाव बनाकर अपनी साम्राज्यवादी नीतियों को विस्तार देकर थोपने में लगा है, उसका दंश भूटान को भी झेलना पड़ रहा है। वैसे इन आशंकाओं पर भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई द्विपक्षीय वार्ता में राहत दिखी। फिर भी चीन कतई विश्वसनीय पड़ोसी नहीं है।

**चीन का भूटान में दखल :** चीन और भूटान के बीच लगभग 470 किमी लंबी सीमा जुड़ी हुई है। चीन भलीभांति जानता है कि तिब्बत को उसने जिस अनैतिक दखल के चलते हथिया लिया है, उसी तरह भूटान को भी आधिपत्य में ले लेगा। वर्ष 1980 में चीन ने जो मानचित्र सार्वजनिक किया था, उसमें ग्यालाफुग ग्राम को भूटान की सीमा में दिखाया था, परंतु अब उस मानचित्र में उसने छेड़छाड़ किया है। चीन अब भूटान की 12 प्रतिशत जमीन पर दावा जताता है। दरअसल चीन यह सब सोची-समझी रणनीति के तहत कर रहा है। चीन ने इससे पूर्व डोकलाम क्षेत्र को भी हथियाना चाहा था। चालाकी बरतते हुए चीन ने इसे नया नाम डोगलांग दे दिया था, ताकि यह क्षेत्र उसकी विरासत का हिस्सा लगे। इस क्षेत्र को लेकर चीन और भूटान के बीच कई दशकों से विवाद जारी है। चीन इस पर अपना मालिकाना हक जताता है, जबकि वास्तव में यह भूटान के स्वामित्व का क्षेत्र है। चीन सड़क के बहाने इस क्षेत्र में स्थायी घुसपैठ के प्रयास में है, जबकि भूटान इसे अपनी संप्रभुता पर हमला मानता रहा है। दरअसल चीन लंबे समय से साजिश रचता रहा है कि चुंबा घाटी जो भूटान और सिक्किम के ठीक मध्य में सिलीगुड़ी की ओर 15 किलोमीटर की चौड़ाई के साथ बढ़ती है, उसका एक बड़ा हिस्सा सड़क निर्माण के बहाने हथिया ले। चीन ने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए भूटान को यह लालच भी दिया था कि वह डोकलाम का 270 वर्ग किमी भू-क्षेत्र चीन को दे दे और उसके बदले में भूटान के उत्तर पश्चिम इलाके में लगभग 500 वर्ग किमी भूमि ले ले। परंतु वर्ष 2001 में जब यह प्रस्ताव चीन ने भूटान को दिया था, तभी वहां के शासक जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने भूटान की राष्ट्रीय विधानसभा में यह स्पष्ट कर दिया था कि भूटान को इस तरह का कोई प्रस्ताव मंजूर नहीं है। छोटे से देश की इस दृढ़ता से चीन आहत हो गया था। इसलिए घायल सांप की तरह चीन अपनी फुंफकार से भारत और भूटान को डस लेने की हरकत में लगा है। इतना होने के बावजूद चीन अपनी चालाकियों से बाज नहीं आ रहा है। उसकी कुटिल चाल का आस्ट्रेलियाई मीडिया ने राजफाश किया था कि चीन ने भूटान की भूमि में आठ किमी अंदर घुसकर ग्यालाफुग नाम का गांव बसा लिया है। यही नहीं, यहां चीन ने भवन, सड़कें, पुलिस स्टेशन और सेना के शिविर भी बना लिए हैं। गांव में बिजली की आपूर्ति के लिए ऊर्जा संयंत्र, गोदाम और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का दफ्तर भी खुल गया है। गांव में 100 से ज्यादा लोग रह रहे हैं। यह भूखंड भूटान का हिस्सा तो निर्विवाद रूप से है ही, भारत के अरुणाचल प्रदेश की सीमा भी इस क्षेत्र से जुड़ती है। भारतीय सेना के दबाव के चलते वर्ष 2017 में चीनी सेना जब डोकलाम में ष्फेस आफ साइटष् से पीछे हटने को सहमत हुई, तब उसने चालाकी बरतते हुए अमो चू नदी घाटी से भूटानी क्षेत्र में घुसपैठ की थी। यह जगह डोकलाम के निकट पूर्व दिशा में है। यहां चीन ने कई गांवों का निर्माण कर लिया है। इस क्षेत्र को जोड़ने के लिए एक सड़क भी बनाई है, जबकि यह भूटान का हिस्सा है। इस संबंध में भूटान के प्रध ानमंत्री का कहना है कि भूटान में चीन द्वारा अनेक गांवों के निर्माण की जानकारी मीडिया उपग्रहों की रिपोर्ट के आधार पर दे रहा है। किंतु ये ग्राम भूटान में नहीं है और न ही चीन द्वारा कोई घुसपैठ की गई है। इस बदले रुख से आशंका होती है कि भूटान ने बीजिंग के साथ कोई गोपनीय समझौता तो नहीं कर लिया है? यदि वाकई कोई गोपनीय समझौता हुआ है और इसके तहत भूटान ने चीन को अवैध रूप से कब्जे में लिए गांव दे दिए हैं तो मैकमहोन रेखा की प्रासंगिकता भी खत्म हो जाएगी। यह बदली भौगोलिक परिस्थिति इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि कब्जाए गांवों की भूमि पहाड़ी पर है और हमारी जमीन नीचे तलहटी में है। युद्ध की दशा में यह स्थिति भारत के लिए चिंताजनक रहेगी। अतएव भूटान के बदले रुख को भारत ठीक से समझे और यदि वास्तव में कोई कूटनीतिक चूक भूटान के साथ हुई है, तो उसे ठीक किया जाना चाहिए।

**प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# त्यूणी अग्निकांड: तहसीलदार और पटवारी को भी किया निलंबित

## भीषण अग्निकांड की जांच को त्यूणी पहुंची डीआइजी फायर

देहरादून। त्यूणी अग्निकांड पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गंभीर रुख अपनाए हुए हैं। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी सोनिका घटना के सभी पहलुओं पर स्वयं नजर रख रही हैं। अग्निकांड में नायब तहसीलदार को निर्लंबित करने के बाद अब जिलाधिकारी ने तहसीलदार रूप सिंह और रायगी क्षेत्र के पटवारी श्याम सिंह तोमर को भी निर्लंबित कर दिया है। अब तक राजस्व विभाग के तीन कार्मिकों, जबकि पुलिस/अग्निशमन के चार कार्मिक निर्लंबित किए जा चुके हैं। साथ ही प्रकरण की जांच मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान को सौंपी गई है। जिलाधिकारी सोनिका के मुताबिक अग्निकांड को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। प्रकरण में सभी लापरवाह कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई का दायरा जांच के गतिमान होने के साथ बढ़ सकता है। जिलाधिकारी के मुताबिक घटना को लेकर रजिस्ट्रार कानूनगो देवराज पुंडीर की भी कुछ लापरवाही सामने आ रही है। लिहाजा, तत्काल प्रभाव से उन्हें चकराता तहसील में स्थानांतरित कर दिया गया है। उनकी जगह चकराता से तिलकराज जोशी को भेजा गया है। इसी तरह रायगी के पटवारी के निलंबन के बाद उनकी जगह हनोल क्षेत्र के पटवारी सुरेश जनाटा को रायगी भेजा गया है। जिलाधिकारी सोनिका ने मुख्य विकास अधिकारी को पूरी घटना की निष्पक्ष जांच करते हुए रिपोर्ट देने को कहा है। आपको बता दें कि जिला मुख्यालय देहरादून से करीब 180 किलोमीटर दूर सीमांत क्षेत्र त्यूणी में एक तीन मंजिला भवन में गुरुवार शाम को भीषण आग लग गई थी। अग्निकांड में चार बच्चियां जिंदा जल गईं, जबकि बच्चियों को बचाने के प्रयास में महिला समेत चार लोग झुलस गए थे। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अशोक कुमार के निर्देशन में डीआइजी फायर निवेदिता कुकरेती शनिवार को घटना के तीसरे दिन अग्निकांड मामले की जांच को त्यूणी पहुंची। उन्होंने घटनास्थल का मौका मुआयना कर लोगों से पूछताछ की। कहा कि त्यूणी क्षेत्र में फायर रेस्क्यू को मजबूत बनाने के प्रयास चल रहे हैं। जिससे भविष्य में इस तरह की घटना को समय रहते रोका जा सके। इस घटना से आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने त्यूणी में तैनात फायर कर्मियों और स्थानीय पुलिस- प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चकराता-त्यूणी हाईवे पर विरोध-प्रदर्शन कर जाम लगाया था। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने मामले का संज्ञान लिया और डीआइजी एवं वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक दलीप कुंवर व पुलिस अधीक्षक देहात कमलेश उपाध्याय को मौके पर भेजा। डीआइजी एवं एसएसपी ने राहत एवं बचाव कार्य में लापरवाही बरतने पर त्यूणी में तैनात फायर प्रभारी समेत चार दमकल कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निर्लंबित कर दिया। शनिवार को त्यूणी पहुंची डीआइजी निवेदिता कुकरेती ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से सीमांत त्यूणी तहसील क्षेत्र में फायर रेस्क्यू को मजबूत बनाने की दिशा में कार्रवाई चल रही है। जिला मुख्यालय से 180 किलोमीटर दूर पहाड़ के दुर्गम इलाके में इस तरह की भविष्य में होने वाली घटना की रोकथाम को विभाग की ओर से त्यूणी में एक मिनी फायर टैंक और पंप की यूनिट को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा फायर कर्मियों को थाना पुलिस के साथ क्षेत्र में हर माह माक ड्रिल के माध्यम से गैस सिलिंडर और बिजली से आग की रोकथाम को जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि घरों और प्रतिष्ठानों में गैस सिलिंडर व बिजली से लगने वाली आग की घटना को समय रहते कैसे रोका जा सकता है, इसके लिए आमजन में जागरूकता लाना बेहद जरूरी है। विभाग की ओर से फायर रेस्क्यू को बेहतर बनाने के साथ अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएगी। कहा प्राथमिक तौर पर त्यूणी में तैनात फायर यूनिट को सस्पेंड कर दिया गया है।

# केदारनाथ यात्रियों की मदद के लिये रुद्रप्रयाग पुलिस तैयार : विशाखा

## एसपी ने यात्रियों से की पंजीकरण और गर्म कपड़े रेनकोट व दवाई साथ लाने की अपील

रूद्रप्रयाग। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ0 विशाखा अशोक भदाणे ने जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस के सोशल



मीडिया प्लेटफार्म पर इस वर्ष की यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं हेतु आमंत्रण संदेश प्रेषित किया गया है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में स्थित केदारनाथ धाम की यात्रा 25 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। इस हेतु सभी श्रद्धालुओं को उत्तराखण्ड पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराना है। उनके द्वारा सभी यात्रियों से अनुरोध किया गया कि अनिवार्य रूप से पंजीकरण करायें। इस अवसर पर यात्रा से सम्बन्धित महत्तवपूर्ण जानकारी दी गयी। अवगत कराया गया कि बाहर से आने वाले लोगों को चारधाम यात्रा हरिद्वार या ऋषिकेश से प्रारम्भ होती है। ऋषिकेश से रुद्रप्रयाग तक की दूरी तकरीबन 140-150 किमी के आसपास है। रुद्रप्रयाग से सोनप्रयाग तक की दूरी करीब 70 किमी0 है। आने वाले श्रद्धालुओ के लिए सीतापुर व सोनप्रयाग में भुगतान के आधार पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। श्री केदारनाथ धाम हेतु यात्रा हैलीकॉप्टर अथवा पैदल माध्यम से संचालित होती है। हैली सेवाओं हेतु इस बार की बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट से आज से प्रारम्भ हो गयी है। हैली बुकिंग ऑनलाइन होती है, हैली से यात्रा करने की दशा में अभी से हैली सेवा की बुकिंग की जा सकती है। हैली सर्विस जनपद के गुप्तकाशी, फाटा, व सेरसी के करीब 09 हैलीपैडों से संचालित होगी। किसी भी प्रकार के वाहनों को सोनप्रयाग से आगे नहीं जाने दिया जाता है, सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड तक जाने हेतु शटल सेवा का प्रयोग करना होता है, इस सेवा हेतु स्थानीय स्तर पर वाहन लगे होते हैं। यह सभी के लिए अनिवार्य है। शटल सेवा के उपरान्त यात्री के गौरीकुण्ड पहुंचने पर आगे जाने के लिए या तो पैदल चलकर या घोड़े खच्चर या डण्डी कण्डी के माध्यम से जा सकते हैं। केदारनाथ धाम में मौसम चुनौतीपूर्ण रहता है, यहां पर काफी ठण्ड व मौसम खराब रहने की सम्भावना बनी रहती है। ऐसे में यहां पर आने हेतु अपने साथ गर्म कपड़े, बदलते मौसम के दृष्टिगत बरसाती, छाते इत्यादि होने आवश्यक है। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का ब्यौरा अपने पंजीकरण के साथ अवश्य दें। यहां की भौगोलिक स्थितियों के अनुसार अपना मेडिकल चेकअप, जरूरी दवाईयां लेकर चलें। कभी-कभी मौसम खराब होने से हैली सेवायें बाधित हो जाती हैं, ऐसे में अन्य माध्यमों से भी यात्रा हेतु तैयार रहना होता है। पुलिस प्रशासन इस बार की यात्रा हेतु पहले से ही तैयार है। रुद्रप्रयाग पुलिस के 05 पुलिस थाने, 09 पुलिस चौकियां, 03 अस्थायी पुलिस चौकियां यात्रा मार्ग पर संचालित होंगी। यात्रियों की मदद हेतु पर्यटन पुलिस की भी तैनाती की गयी है। किसी भी आपात स्थिति व आपदा की स्थिति में रेस्क्यू टीमें, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, फायर सर्विस, आपदा प्रबन्ध न की टीमें भी तैयार रहेंगी। इनके अतिरिक्त यात्रा मार्ग पर बिछड़ने पर उनकी ढूंढ खोज व मिलाने हेतु पुलिस टीमें तैनात रहेंगी। सभी पुलिस चौकियां एक दूसरे से वायरलेस सेट के माध्यम से जुड़े रहते हैं। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए डायल 112 या पुलिस नियंत्रण कक्ष रुद्रप्रयाग के नम्बर 7579257572 पर कॉल कर सकते हैं। गत वर्ष के यात्राकाल में हैली सेवाओं व होटल बुकिंग के नाम पर ठगी के प्रकरण प्रकाश में आये थे, ऐसे में सभी को अवगत कराया जाता है कि वे उनके साथ होने वाली किसी भी प्रकार की ठगी से सावधान रहें व ठगी हो जाने के सम्बन्ध में तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन में सम्पर्क करें, या साइबर हैल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस आगामी श्री केदारनाथ यात्रा हेतु पूरी तरह से तैयार है।





# काठमांडू में 12 अप्रैल को होगा ग्लैक्सी एक्सीलेंस अवार्ड का भव्य समारोह

काठमांडू।निकिला मीडिया नेटवर्क ,पव्लिक सूचना और भवानी एंटरटेनमेंट के संयुक्त प्रोजेक्ट के रूप में पिछले साल शुरू हुआ गैलेक्सी एक्सीलेंस अवार्ड इस साल भी जारी रहेगा। पुरस्कार के दूसरे संस्करण की घोषणा राजधानी में एक कार्यक्रम के दौरान की गई।केंद्रीय उद्योग, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री रमेश रिजाल के मुख्य अतिथि के साथ में आवाज की दुनिया के नाम से मशहूर दिनेश डीसी तहत कार्यक्रम का संचालन करेंगे । नेपाल और भारत की प्रसिद्ध हस्तियों की उपस्थिति वाला कार्यक्रम टीवी टुडे से लाइव प्रसारण होगा। विभिन्न क्षेत्रों में अग्रदूतों, रचनाकारों, कलाकारों, शिक्षाविदों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और अन्य पेशेवरों द्वारा किए गए योगदान की सराहना करने के उद्देश्य से इस पुरस्कार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों के आयोजन के लंबे अनुभव के बाद आयोजन समिति के अध्यक्ष सोनित राज ढुंगेल ने कहा कि पुरस्कारों की भीड़ में वे अलग तरह के पुरस्कारों का आयोजन करने जा रहे हैं । उन्होंने कहा, गैलेक्सी एक्सीलेंस अवार्ड के पहले संस्करण की शानदार सफलता के बाद, विदेशों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया और सभी की शुभकामनाओं के अनुरूप दूसरे संस्करण की घोषणा की गई है।पुरस्कार में 35 श्रेणियां शामिल होंगी। पुरस्कार, जो होटल हयात में 12 अप्रैल वुधवार को आयोजित किया जाएगा उसमें नेपाली कला क्षेत्र के दिग्गजों और जूनियरों द्वारा भाग लिया जाएगा। दिग्गज संगीतकार शंभूजीत बंस्कोटा, वरिष्ठ पत्रकार राज लुइटेल, शिक्षाविद राम प्याकुरेल, स्वास्थ्य उद्यमी गोपाल खड्का, युवा सामाजिक कार्यकर्ता अनिल नागरकोटी, गीता एविएशन के अच्युत गुरागई, ग्लोबल टूरिज्म काउंसिल के प्रमुख धर्मेंद्र सपकोटा, प्रोजेक्टाइल क्रिएशन के प्रमुख सौरभ मल्ल, निकिला न्यौपाने, राजन ढकाल पुरस्कार घोषणा कार्यक्रम में व अन्य मौजूद थे ।

# अम्बेडकर जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन 13 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव पर डा. भीमराव अम्बेडकर युवा मंच द्वारा आगामी 13 अप्रैल दिन बृहस्पति वार को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक दीपक कुमार व पार्षद रंजीत सागर ने बताया कि शोभा यात्रा 13 अप्रैल को अपरान्ह 2 बजे से आदर्श कालोनी नई घास मंडी पानी की टंकी के पास से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करेगी। उन्होंने समस्त जनता से शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण को लेकर आयोग लेगा जनता की राय

देहरादून। प्रदेश के निकायों में नवंबर में होने जा रहे चुनावों से पहले ओबीसी आरक्षण को लेकर चल रही कवायद के बीच अब एकल सदस्यीय समर्पित आयोग जनता की राय लेगा। इसकी शुरुआत आयोग हरिद्वार से करने जा रहा है। दूसरी ओर, शहरी विकास निदेशालय के स्तर से ओबीसी सर्वे का 90 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है।प्रदेश में हरिद्वार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में एकल सदस्यीय समर्पित आयोग ने ओबीसी सर्वेक्षण के बाद आरक्षण पर अपनी रिपोर्ट दी थी, जिसके बाद आरक्षण तय हुआ था। अब नवंबर में नगर निकायों में चुनाव होने जा रहे हैं, जिससे पहले निकायों का ओबीसी सर्वेक्षण का काम चल रहा है। शहरी विकास निदेशालय ने सभी निकायों में सर्वेक्षण के लिए पहले छह मार्च तक का समय तय किया था।शहरी विकास निदेशक नवनीत पांडे ने बताया कि निकायों में 90 प्रतिशत सर्वे पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि करीब 10 प्रतिशत निकाय ऐसे हैं, जिनमें परिसीमन या सीमा विस्तार के चलते प्रक्रिया लंबित है। बताया कि यहां भी तेजी से काम किया जा रहा है। जिसके बाद निदेशालय सर्वेक्षण की अपनी रिपोर्ट एकल सदस्यीय समर्पित आयोग को सौंप देगा। आयोग के सचिव ओंकार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद आपत्तियों की सुनवाई की जाएगी। इसके लिए दो माह का समय चाहिए। उन्होंने बताया कि हरिद्वार जिले के निकाय क्षेत्रों में आपत्तियों और सुझावों से इसकी शुरुआत जल्द ही की जा रही है।

## पेज एक का शेष...

**जंगल में अलग अंदाज..**समूहों के साथ बातचीत भी की। इसके साथ ही उन्होंने मुदुमलाई टाइगर रिजर्व के थेप्पाकडू हाथी शिविर पहुंचकर शिविर के महावतों और 'कावड़ियों' से भी चर्चा की। बता दें बाघों की घटती आबादी को संरक्षण देने के लिए 1 अप्रैल 1973 को भारत में प्रोजेक्ट टाइगर लॉन्च किया गया। शुरुआत में इस योजना में 18,278 वर्ग किमी में फैले 9 टाइगर रिजर्व को शामिल किया गया। पिछले 50 सालों में इस योजना का विस्तार हुआ और आज इनकी संख्या बढ़कर 53 हो गई है। ये 53 टाइगर रिजर्व 75,500 वर्ग किमी में फैले हैं। इंदिरा गांधी सरकार में शुरू हुए प्रोजेक्ट टाइगर के पहले निदेशक का जिम्मा कैलाश सांखला ने संभाला था। कैलाश को द टाइगर मैन ऑफ इंडिया भी कहा जाता है। बाघों के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए ही उन्हें प्रोजेक्ट टाइगर का पहला निदेशक बनाया गया था।

**नशा मुक्ति केंद्रों से...**तोड़ी और फरार हो गए। नशा मुक्ति केंद्र संचालक दुष्यंत के मुताबिक उस समय सुरक्षा गार्ड भी वहां मौजूद नहीं थे। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल मुखानी थाने को घटना की जानकारी दी। साथ ही भागे नशेड़ियों के स्वजनों से बातचीत की। कुछ लोग रात में ही अपने घर पहुंच गए थे, लेकिन कुछ अभी गायब बताए जा रहे हैं। भागने वाले में चार पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसओ मुखानी रमेश बोहरा ने बताया सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द नशेड़ियों को पकड़ा जाएगा।

**जैन समाज से गाजे बाजों के...**करने के लिए भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाने का संदेश दिया। प्रभात फेरी जैन स्थानक से बालाजी द्वार, अग्रसेन चौक, बाटा चौक, भगत सिंह चौक, अग्रवाल धर्मशाला गली से होती हुई पुनः बालाजी द्वार होते हुए जैन स्थानक पहुंची। प्रभात फेरी के समापन के बाद जैन स्थानक में विशाल भंडारा हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर एसएस जैन सभा के प्रधान जयभगवान जैन, महामंत्री कमल जैन, कोषाध्यक्ष अजीत जैन, विनीत जैन, सुरेश परिहार, संजय ठुकराल, सोनू अनेजा, अनिल शर्मा, मीना शर्मा, सुषमा अग्रवाल, भारत भूषण चुघ, पुष्कर राज जैन, लाला बारूमल जैन, जयभगवान जैन, कमल जैन, अजीत जैन, ऋषि जैन, परवीन जैन, मनोज जैन, अंकुर जैन, दीपक जैन, भारती जैन, सुभाश जैन, सतीश जैन, रमेश जैन, राजकुमार जैन, अंकित जैन, विनोद जैन, तिलकराज जैन,पवन जैन,सुनील जैन, विकास जैन, मोहित जैन आदि समेत हजारों लोग मौजूद थे।

**ओटीपी नंबर लेकर...**अपने कार्ड की लिमिट चैक की तो उसके कार्ड से कुल 96233.1रुपये कटने की जानकारी प्राप्त हुयी। गोपाल का कहना है उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा छलकपट कर कम्प्यूटर संसाधनों का दुरूपयोग किया गया। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर ली है।

**सौतेले चाचा ने ...**साथ आगरा ले गई। आगरा ले जाकर उसने अपने दुसरे पति मुकेश यादव के साथ उसकी शादी करने का दवाब बनाया, जब लड़की नहीं मानी तो उसके सौतेले चाचा मुकेश यादव ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस को लड़की की चाची से पता चला कि वह लड़की की शादी कर उसे गलत कामों धकेलने वाले थे फिलहाल पुलिस ने आरोपी लड़की की चाची मंजू देवी और उसके सौतेले चाचा मुकेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 363,366,376 एवं 3/4 वा 16/17 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है।

**छात्रा से ऑनलाईन...**उससे और ट्राजैक्शन करवाए जो उन्होंने बाद में वापस नही किए । उसके साथ कुल 90,200 राशि की धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने रपट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**घात लगाकर युवक पर...**पर लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गया और वह दोनो उस पर लगातार हथियार से लगातार हमला करते रहे। प्रदीप का कहना है हमलावर उसे मरा जानकर यह कहते हुए चले गये चलो आज यह तो मर ही गया। कुछ परिचित उसे रम्पुरा चौकी लाये व वहां से मेडिकल उपचार हेतु सरकारी हास्पिटल ले जाया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संदिग्ध परिस्थतियों ...** महिला की खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला का पता लगाना शुरू कर दिया है।

**एंगल में लटका मिला...**फुटेज भी देखी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। लोगों का मानना है कि महिला की हत्या कर शव यहां लटका दिया होगा।

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम से जारी डी एल संख्या यूपी 2520110023421 में मेरा नाम VIRENDRA GANGWAR SON OF SHIV SAHAY दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 510310224951 व पेन कार्ड संख्या (FQCPP 7271P) में मेरा नाम VEERENDRA PRASAD SON OF SHIV SAHAY ( वीरेंद्र प्रसाद पुत्र श्री शिव सहाय) दर्ज है जो वास्तविक व सही नाम है। अतः भविष्य में मुझे मेरे वास्तविक व सही नाम VEERENDRA PRASAD SON OF SHIV SAHAY (वीरेंद्र प्रसाद पुत्र श्री शिव सहाय) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**वीरेंद्र प्रसाद पुत्र श्री शिव सहाय**
**निवासी सिंधौली, मीरगंज जिला बरेली ( उप्र )**

# अवैध स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान दो नशा तस्करो को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संजीत राठौर, का. अमनदीप सिंह व दिलशाद अहमद ने क्षेत्र में देर रात चेकिंग के दौरान दो नशा तस्करों अभिमन्यु सिंह बिष्ट उर्फ अभि पुत्र बृजमोहन सिंह बिष्ट निवासी बिठौरिया नम्बर 1 व नबील सिद्दीकी पुत्र स्व० नासिर अली निवासी किदवई नगर वनभूलपुरा को गोला पार्किंग स्लाटर हाउस के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उनके पैसे कुल 8.7 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# क्षेत्र में बेखौफ होकर किया जा रहा कच्ची शराब का कारोबार

## आबकारी अधिनियम की धारा 60 के बजाए आईपीसी की धारा 272 के तहत हो कार्यवाही

( मनोज श्रीवास्तव )

काशीपुर। पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुके अवैध कच्ची शराब के कारोबार ने नशे के खिलाफ चलाए अभियान की हकीकत आम कर दी। दर्जनों गांवों में आज भी कानून को दरकिनार कर कतिपय लोगों द्वारा हजारों लीटर अवैध कच्ची शराब बनाई व बेची जा रही है। ऐसे ही अवैध कच्ची शराब के अनगिनत अड्डे भी आबाद है जो जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सीधे सवाल खड़ा करते हैं। कच्ची शराब का सेवन कर अब तक कई जिंदगियां मौत के मुंह में चली गई तो वहीं दूसरी नशे की लत के कारण कई परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए लेकिन गैरकानूनी गोरखधंधे पर आज भी अंकुश नहीं लग सका। रमपुरा, खाई खेड़ा, कनकपुर, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी, जगतपुर, खड़कपुर देवीपुरा समेत आईटीआई व कुंडा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां पर कच्ची शराब के कारोबारी कानून को ताक पर रखकर खुलेआम शराब को बनाने व बेचने का काम कर रहे हैं। इसी तरह तहसील जसपुर व बाजपुर के तमाम गांवों में भी संबंधित विभाग की लचर कार्यप्रणाली के चलते गैर कानूनी कारोबार खूब फलीभूत हो रहा है। सूत्रों की माने तो उपरोक्त गांवों से प्रतिदिन हजारों लीटर अवैध कच्ची शराब महफूज अड्डों को सप्लाई की जाती है। जंगली इलाकों के अलावा बीहड़ और तराई क्षेत्र कच्ची शराब बनाने के लिए पारस साबित हो रहे हैं। जहरीली कच्ची शराब अब तक दर्जनों घरों के चिराग बुझा चुकी है। समाज के प्रबुद्ध लोगों का मानना है कि आबकारी अधिनियम की धारा 60 अवैध शराब के कारोबारियों के लिए अभय दान के समान है। इस धारा में वह कई बार थाने से ही निजी मुचलके पर छूट जाते हैं। लेकिन यदि शराब के खिलाफ की गई कार्यवाही में जांच के दौरान खतरनाक अप मिश्रित पाया जाता है तो आईपीसी की धारा 272 के तहत कार्यवाही किए जाने पर निश्चित रूप से अमुख व्यक्ति गोरखधंधे से तौबा कर लेगा क्योंकि यह अजमानती अपराध की श्रेणी में आता है। इसमें सजा का भी प्रावधान है।



## जहरीली शराब से दर्जनों घरों के अब तक बुझ चुके चिराग

काशीपुर। कच्ची शराब के गैरकानूनी धंधे से जुड़े कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इसे तैयार करने के लिए सड़ा गला गुड़ शीला नौसादर यूरिया धतूरे के बीज ऑक्सीटॉसिन इंजेक्शन और यीस्ट को आपस में मिलाया जाता है। बताया कि जब ग्राहक नशा कम होने की बात करते हैं तब मिश्रण में कुछ तत्वों जैसी नौसादर धतूरे के बीज और ऑक्सीटॉसिन( वह इंजेक्शन जो गाय भैंस को दूध उतारने के लिए दिया जाता है) की मात्रा बढ़ा दी जाती है। कच्ची शराब से होने वाली मौतों के बारे में जब जानकारी लेने का प्रयास किया तो बताया कि जब तक यह तत्व एक निश्चित मात्रा में रहते हैं नशा बढ़ता है लेकिन कई बार कोई तत्व ज्यादा हो जाता है तो शराब जहरीली हो जाती है और सेवन करने वाला मौत के मुंह में चला जाता है। दूसरी ओर अत्यधिक पैसा कमाने के लालच में भी कई बार नशे की त्रीवता बढ़ाने के लिए तत्वों की मात्रा बढ़ाते हैं जो घातक होता है।

# ऐच्छिक ब्यूरो ने सुलह समझौते से तीन परिवारों मिलाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऐच्छिक ब्यूरो द्वारा काउंसिलिंग के दौरान सुलह समझौता कर तीन परिवारों को फिर से मिला दिया गया। पुलिस बहुदेशीय भवन हल्द्वानी में महिला ऐच्छिक ब्यूरो के मासिक काउंसलिंग सत्र के दौरान एसएसपी की अध्यक्षता में ऐच्छिक ब्यूरो के सदस्यों श्रीमती विभा दीक्षित, सीओ महिला हेल्पलाइन नैनीताल, डॉ. युवराज पन्त, मनोचिकित्सक/काउंसलर, श्रीमती प्रभा पन्त प्रो. सदस्य एच्छिक ब्यूरो, राम सिंह बसेड़ा (अधिवक्ता) पूर्व अध्यक्ष बार एसोशियन हल्द्वानी के समक्ष श्रीमती सुनीता कुंवर,प्रभारी महिला समाधान केंद्र हल्द्वानी द्वारा कुल 10 पारिवारिक प्रकरणों को रखा गया। सभी मामलों में दोनों पक्ष काउंसलिंग में उपस्थित हुए तथा प्रकरणों को भली-भांति सुना गया।काउंसलिंग के माध्यम से 3 मामलों का राजीनामा किया गया तथा 7 मामलों में आपसी सहमति से अग्रिम तिथि दी गई। जिनकी पुन: ऐच्छिक ब्यूरो द्वारा काउंसलिंग कराई जाएगी।



# दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट 5 महिलाओं समेत 11 नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर 5 महिलाओं समेत कुल 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में क्रॉस रपट दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर जुड़का नंबर 2 कुंडेश्वरी निवासी रेखा देवी पत्नी राजू ने बताया कि बीते 1 अप्रैल की शाम लगभग 5:00 बजे के करीब जब वह अपने पति के साथ गांव की ओर जा रही थी इसी दौरान मार्ग में जुड़का नंबर 2 कुंडेश्वरी निवासी विकास पुत्र मुकेश, रेशमा पत्नी विकास, विशाल पुत्र मुकेश व अंजू पत्नी विशाल रास्ते में दंपत्ति को रोककर गाली गलौज करते हुए बुरी तरह मारपीट की एवं मुंह खोलने की एवज में जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह दूसरे पक्ष की अंजू पत्नी विशाल निवासी उपरोक्त ने बताया कि बीते 1 अप्रैल को गांव का ही सचिन नामक व्यक्ति उसके पति को मोटरसाइकिल पर बिठाकर धोखे से ले गया एवं गांव के बाहर पंचायत घर के समीप अपने साथियों राजू बंटी राजेंद्र के अलावा साजन पुत्र लाल सिंह निवासी उपरोक्त समेत माया देवी पत्नी लाल सिंह, रेखा पत्नी राजू एवं रेनू पत्नी राजन सभी निवासी जुड़का नंबर दो कुंडेश्वरी ने आपस में एक राय होकर उसके पति की बेरहमी से पिटाई करते हुए अधमरा कर दिया और बेहोशी की हालत में छोड़कर मौके से भाग निकले। पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि हमलावरों ने धमकी दी है कि यदि किसी ने भी उसके पति का इलाज करवाया तो उसे भी मौत के घाट उतार दिया जाएगा। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर 5 महिलाओं समेत कुल 11 लोगों के खिलाफ धारा 323 504 506 के अंतर्गत क्रॉस मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# केएमवीएन के अधिकारियों ने गैस एजेंसी का किया निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। इंडियन गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को लेकर हुए विवाद मे कुमाऊँ मंडल विकास निगम ने भी सख्त रुख अख्तियार किया है। कुमाऊं मंडल विकास निगम के अधिकारियों ने गैस एजेंसी का निरीक्षण करते हुए गैस की कालाबाजारी पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी। शनिवार को कुमाऊँ मंडल विकास निगम मुख्यालय से परियोजना अधिकारी हेमंत कुमार आर्य के नेतृत्व में आए अधिकारियो ने एजेंसी प्रबंधक के आर आर्य से घटना की जानकारी ली। उन्होंने गैस एजेंसी पर अभद्रता करने वाली महिलाओं के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में भी जानकारी हासिल की। जिस पर एजेंसी मैनेजर ने बताया कि अभद्रता करने वाले 3 लोगो के खिलाफ पुलिस से लिखित शिकायत की गई है। इस दौरान उप परियोजना अधिकारी हेमंत कुमार आर्य ने बताया कि गैस वितरण के लिए लगे हुए सभी वाहन स्वामियों को नोटिस भेजकर वाहन से संबंधित वैध प्रपत्र प्राप्त किए जाएंगे और जिन बाहन स्वामियों के कागजात पूरे नहीं होंगे उनके वाहनों को हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि झगड़े वाले मामले में थानाध्यक्ष राजेश पांडे से मिलकर उक्त प्रकरण में कठोर कार्यवाही करवाई जाएगी। उन्होंने एजेंसी के मैनेजर को गैस वितरण को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सीनियर मैनेजर पीयूष पाठक, सेल्स ऑफिसर रवि मेहरा आदि मौजूद रहे।



# क्वारब-कोसी सडक मार्ग को बाईपास बनाये सरकार: कर्नाटक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने जिलाधिकारी अल्मोडा के माध्यम से नितिन गडकरी केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग व जहाजरानी मंत्री भारत सरकार नयी दिल्ली को पुन: ज्ञापन प्रेषित कर अवगत कराया कि पर्वतीय राज्य उत्तराखण्ड के कुमांऊ क्षेत्र के प्राचीन ऐतिहासिक नगर अल्मोडा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 109 के अन्तर्गत क्वारब-अल्मोडा कोसी का चौडीकरण प्रस्तावित है।अल्मोडा लोअर माल रोड बाईपास बनने एवं राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित होने के पूर्व से ही सडक के किनारे लोधिया से कोसी बाजार तक काफी भवन निर्मित हो गये थे।अब राष्ट्रीय राजमार्ग को डबल लेन किये जाने से इन पूर्व निर्मित भवनों के टूटने से आशंकित हैं।लोअर माल बनने से पूर्व ही आम नागरिकों ने अपने जीवन की समस्त पूंजी लगाकर अपना मकान बनाया तथा रोजी-रोटी के लिये व्यवसाय करने लगे।अब राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत सडक के चौड़ीकरण के अन्तर्गत कई भवनों पर विभाग द्वारा निशान लगाये जाने से ये भवन स्वामी भयभीत हैं जहां उन्हें मकान के टूटने का खतरा है वहीं व्यवसाय से चल रही रोजीरोटी छिनने की आंशका है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कई बार ज्ञापन प्रेषित कर इस प्रकरण को केन्द्रीय मंत्री के संज्ञान में लाया गया था।श्री कर्नाटक ने बताया कि स्थानीय नागरिकों का उत्पीडन न हो इसके लिये उन्होंने अनेकों बार अनुरोध किया। स्थानीय नागरिकों का भी सुझाव है कि वर्तमान समय में क्वारब-कोसी मोटर मार्ग जो चौंसली से कोसी तक प्रस्तावित है को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 109 का बाईपास घोषित करते हुये डबल लेन में परिवर्तित किये किया जाय जिससे उनके पूर्व निर्मित मकानों को क्षति न पहुंचे और छोटे-मोटे अपने व्यवसाय से परिवार का भरण पोषण कर सकें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुये कहा कि यदि इस राष्ट्रीय राजमार्ग का चौडीकरण किया जाता है तो उन्हें मजबूर होकर स्थानीय जनता के साथ उग्र आन्दोलन को बाध्य होना पडेगा।



# कोलम्बस परिवार ने धूमधाम से मनाया विद्यालय का स्थापना दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।स्थानीय मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय का 27वाँ स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय के सफलतापूर्वक 26 वर्ष पूर्ण होने के इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रागंण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कल देर शाम सम्पन्न हुए कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्रीमती कुसुम पांडे ,विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा, प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा, श्रीमती राधिका खेड़ा व प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया व सामूहिक रूप से केक काटकर विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया। विद्यालय के समूहगान दल ने स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का श्री गणेश किया। साथ ही उपस्थित महानुभावों को पुष्पगुंज भेंट कर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय के छात्रा-छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गई। संगीत की मनमोहक मधुर तान व नृत्य की खनक पर उपस्थित सभी दर्शक थिरकते नजर आए। रंगारंग कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण प्री-प्राइमरी विंग के नन्हें-मुन्नों द्वारा किया गया नृत्य रहा जिसने दर्शकदीर्घा में रोमांच और उत्साह भर कर खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2022-23 के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उच्च कोटि के शैक्षिक प्रदर्शन के लिए स्कॉलर मैडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेशों में विद्यालय का परचम लहराने वाले पूर्व छात्र-छात्राओं को भी दुशाला ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की 26 वर्षो की प्रगति आख्या प्रस्तुत कर विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल 1997 में विद्यालय के चौयरमैन स्व0 श्री बालीराम खेड़ा द्वारा कोलम्बस स्कूल की नींव रखी गई थी तत्पश्चात् विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा के अथक प्रयासों से कोलम्बस पब्लिक स्कूल नित नई ऊँचाइयों को छूता गया और नए- नए कीर्तिमान स्थापित करता गया। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा के दूरदर्शी विचारधारा व कुशल नेतृत्व में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नित नए मुकाम हासिल कर रहा है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा ने अपने भाषण के दौरान कहा कि कोलम्बस पब्लिक स्कूल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अनवरत् रूप से प्रयासरत है और भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर रहेगा उन्होंने उपस्थित अभिभावकों का विद्यालय की नीतियों एवं छात्रहित में किए जाने वाले विभिन्न पाठ्य सहगामी गतिविधियों के प्रति विश्वास व रूचि बनाए रखने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल ने धन्यवाद प्रस्ताव पढ़कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर हेम पंत, भरत लाल शाह, लक्ष्मी लाल साह व पवन मल्होत्रा सहित शहर भर के गणमान्य, विद्यालय के अभिभावकगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।






